Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -301 मंगलवार ,06 सितम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

लगन से ज्ञान मिलता है,लगन के अभाव में ज्ञान लुप्त हो जाता है।

-बुद्ध-

# शिक्षक दिवस पर पीएम मोदी का बड़ा एलान,देश भर में 14,500 स्कूलों को अपग्रेड करेगी सरकार



**नई दिल्ली, 05 सितम्बर 2022।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-एसएचआरआई) योजना के तहत देश भर में 14,500 स्कूलों को अपग्रेड और विकसित करने का एलान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस के मौके पर सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत देश भर में 14,500 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी भावना को समाहित करते हुए पीएम-श्री स्कूल मॉडल स्कूल बनेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा- आज शिक्षक दिवस पर मुझे एक नई पहल की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत देशभर में 14,500 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा जिससे ये मॉडल स्कूल बन जाएंगे और नई शिक्षा नीति की पूरी भावना को समाहित करेंगे। पीएम-श्री स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का तरीका आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र होगा। इसके तहत डिस्कवरी और शिक्षण केंद्रित लर्निंग पर जोर दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पीएम-श्री स्कूलों में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट कक्षाओं, खेल और आधुनिक बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएगा। हाल के वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने देश के शिक्षा क्षेत्र में रिफार्म लाने का काम किया है। मुझे यकीन है कि पीएम-श्री स्कूल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना से देश के लाखों बच्चों को लाभान्वित करेंगे।

इससे पूर्व पीएम मोदी ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ संवाद किया। पीएम मोदी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की काफी सराहना हो रही है। इसके जरिए भारत अपने शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने में हमारे शिक्षकों का बहुत बड़ा रोल रहा है। लाखों की तादात में हमारे शिक्षकों ने इसे बनाने में अपना योगदान दिया है। शिक्षक की भूमिका व्यक्ति को रोशनी दिखाने की होती है। 2047 में देश गढ़ने का काम शिक्षकों के हाथ में है।

## कुत्ते के काटने से 12 साल की मासूम की चली गई जान,एक्शन में केरल सरकार



**केरल, 05 सितम्बर 2022।** केरल में लोग आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान हैं. आवारा कुत्तों की जानकारी जुटाने के लिए राज्य में समिति का गठन भी किया गया है. सरकार ने समिति से आवारा कुत्तों के हमलों के पीड़ितों को मुआवजा देने को लेकर अपनी राय देने को कहा है. इन तमाम पहल के बाद भी आवारा कुत्तों के आतंक पर कोई अंकुश नहीं लगा है. कुत्तों के हमले में जान गंवाने का नया मामला राज्य के रानी पेरुनाड से आया है. जहां कुत्ते के काटने से 12 साल की बच्ची की मौत हुई है. रानी पेरुनाड निवासी अभिरामी पर 14 अगस्त को आवारा कुत्तों ने हमला बोला दिया था. इस दौरान कुत्तों ने उसे कई जगह काट लिया था. तबीयत बिगड़ने पर उसे कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया. वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी. जहां एंटी-रेबीज की तीन खुराक लेने के बावजूद उसकी मौत हो गई।

### 9 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

केरल में आवारा कुत्तों के खतरे से संबंधित मामलों पर 9 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई होनी है. एडवोकेट वीके बीजू इस समस्या को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं. उन्होंने कहा कि केरल भगवानों के देश से कुत्तों का अपना देश बन गया है.

## कर्तव्य पथ के नाम से जाना जाएगा दिल्ली का ऐतिहासिक राजपथ,मोदी सरकार जल्द ले सकती है फैसला



**नई दिल्ली , 05 सितम्बर 2022।** केंद्र की मोदी सरकार ने राजपथ का नाम बदलने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार अब राजपथ का नाम कर्तव्य पथ रखेगी। एनडीएमसी ने राजपथ और सेंट्रल विस्टा लॉन का नाम कर्तव्य पथ करने के उद्देश्य से 7 सितंबर को एक विशेष बैठक बुलाई है।

इससे पहले भी मोदी सरकार ने जिस सड़क पर पीएम आवास स्थित है, उसका नाम भी रेसकोर्स रोड से बदलकर लोक कल्याण मार्ग कर दिया था। अब इंडिया गेट से लेकर राष्ट्रपति भवन तक राजपथ नाम से मशहूर सड़क को भी कर्तव्य पथ नाम से जाना जाएगा। औपचारिकताएं पूरी करने के लिए बुधवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (ह्ष्ठरूष्ट) की विशेष बैठक बुलाई गई है।

बैठक में नाम परिवर्तन पर मुहर लगने की संभावना

एनडीएमसी काउंसिल की बैठक प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को होती है, ऐसे में माह के शुरुआत में ही विशेष बैठक बुलाकर नाम परिवर्तन पर मुहर लगाए जाने की पूरी संभावना है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से पांच प्रण की घोषणा की थी।



## उद्धव खेमे को एक और झटका,राज्यपाल को MLC नामांकन के लिए भेजी गई 12 नामों की सूची रद्द

**मुंबई , 05 सितम्बर 2022।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पत्र के बाद राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्रित्व काल में भेजे गए उन 12 नामों की लिस्ट को रद्द कर दिया है, जिन्हें विधान परिषद में मनोनीत करना था। कुछ दिनों पहले ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पत्र लिखकर उस लिस्ट को रद्द करने का निवेदन किया था। इतना ही नहीं, उनकी सरकार की तरफ से विधान परिषद में मनोनयन के लिए नए नामों की सूची भेजने की बात इस पत्र में कही गई थी। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में मनोनयन के लिए 20 प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक लिस्ट राज्यपाल कोश्यारी को सौंपी थी, जिसके बाद प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी और राज्यपाल कोश्यारी से 12 उम्मीदवारों के विधान परिषद सदस्य मानोनीत होने की घोषणा करने की उम्मीद थी।

## केंद्र सरकार ने दिल्ली के आरएसएस मुख्यालय की सुरक्षा बढ़ाई

### CISF के सशस्त्र जवान रहेंगे मुस्तैद,क्या है वजह..?

**नई दिल्ली, 05 सितम्बर 2022।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय को सशस्त्र सीआईएसएफ बलों की सुरक्षा मुहैया कराई है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मध्य दिल्ली के झंडेवालान में स्थित आरएसएस कार्यालय केशव कुंज और उदासीन आश्रम के पास स्थित कैंप कार्यालय को पहली सितंबर से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआईएसएफ की सुरक्षा कवर उपलब्ध होगी।



समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक बल के जवान दो भवन परिसरों के प्रवेश और निकास को नियंत्रित करेंगे। परिसर को सुरक्षित करने के लिए गार्डों को तैनात किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली स्थित आरएसएस कार्यालयों की सुरक्षा को लेकर गोपनीय इनपुट केंद्रीय गृह मंत्रालय को दिए थे। इन्हीं इनपुट के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आरएसएस के परिसरों की सुरक्षा के लिए CISF कवर को मंजूरी दी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी RSS को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का वैचारिक स्रोत माना जाता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पहले से ही सीआइएसएफ की जेड प्लस की वीआईपी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। सीआईएसएफ इसके हिस्से के रूप में आरएसएस के नागपुर कार्यालय को भी सुरक्षा कवर मुहैया कराता है।

## पुलिस का बड़ा एक्शन,दबोचा गया देश का सबसे बड़ा कार चोर

### 5000 कारें चुराने का आरोप है.



**नई दिल्ली , 05 सितम्बर 2022।** दिल्ली पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है. दिल्ली पुलिस ने देश के सबसे बड़े कार चोर अनिल चौहान को गिरफ्तार कर लिया है.अनिल पर 27 साल में 5000 कारें चुराने का आरोप है. कार चोरी के अलावा है.अनिल पर हत्या ,आर्म्स एक्ट और तस्करी के मामले दर्ज हैं.

सेंट्रल दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने अनिल चौहान को असम से गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि अनिल पिछले 27 साल से अपराध की दुनिया में एक्टिव है. उसने 1990 के दशक में सबसे ज्यादा (मारुति 800) कारें चोरी की थीं. अनिल चोरी कई गई कारों को जम्मू कश्मीर ,नेपाल और उत्तर पूर्व के राज्यों में बेंच देता था.

अनिल चौहान 1990 में दिल्ली के खानपुर इलाके में रहता था और ऑटो रिक्शा चलाता था. इसके बाद वह अपराध की दुनिया में आया. उसने कारें चुराना शुरू किया. इसके बाद उसने कभी पीछे नहीं देखा.

उसने कार चोरी के धंधे से बेहिसाब दौलत कमाई है, उसकी संपत्तियां दिल्ली, मुंबई और उत्तर पूर्वी राज्यों में बताई जाती हैं. ईडी ने भी उसके खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया था. हाल के दिनों में वो हथियारों की तस्करी कर रहा था.

असम पुलिस ने 7 साल पहले भी अनिल चौहान को गिरफ्तार किया था. तब उस पर असम, दिल्ली, महाराष्ट्र समेत देश के कई हिस्सों से करीब साढ़े चार हजार से ज्यादा कार चुराने का आरोप था. अनिल ने पुलिस पूछताछ में 4552 कारें चुराकर बेंचने का आरोप स्वीकार किया था. अनिल चौहान का नेटवर्क दिल्ली से लेकर असम और महाराष्ट्र तक फैला हुआ है. अनिल पर उस वक्त तक दिल्ली से लेकर असम तक कई राज्यों में साढ़े तीन हजार मामले दर्ज थए.

## फंदे से लटका मिला लिंगायत संत का शव, महिलाओं की ऑडियो रिकॉर्डिंग से थे परेशान!



**बेंगलुरु, 05 सितम्बर 2022।** कर्नाटक में एक संत का शव उनके मठ में फंदे से लटका मिला है. लिंगायत मठ के संत शिवमूर्ति पर हुए रेप केस के बाद इस घटना ने हलचल बढ़ा दी है. लिंगायत संत का नाम सिद्धलिंग स्वामी था. उनका शव कर्नाटक के बेलगावी जिले में उनके क्वार्टर में मिला है. वह श्री गुरु मदीवालेश्वर मठ के संत थे.



पुलिस को उनका कथित सुसाइड नोट भी मिला है. लेकिन अभी मौत की वजह की जांच जारी है. उस सुसाइड नोट में क्या लिखा हुआ है यह फिलहाल पुलिस ने नहीं बताया है.

पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि संत सामने आई कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग से परेशान थे. इसमें दो महिलाएं कर्नाटक के मठों पर लग रहे यौन हमलों के आरोपों की बात कर रही थीं. ऑडियो में महिलाओं ने संत का नाम भी लिया था.

कर्नाटक में इससे पहले एक लिंगायत मठ के संत शिवमूर्ति मुरुगा को रेप केस में गिरफ्तार किया गया है. मैसूर पुलिस ने दो नाबालिगों की शिकायत के बाद संत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी. पुलिस ने POCSO एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया था.।

## संजय जायसवाल ने फोड़ा 'लिकर बम',बोले-नीतीश कुमार और उनका उत्पाद विभाग बेच रहे बिहार में शराब

**कटिहार , 05 सितम्बर 2022।** बिहार में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने बड़ा बयान दिया है। लिकर बम फोड़ते हुए उन्होंने सीएम नीतीश कुमार और उत्पाद विभाग पर निशाना साधा है। शराबबंदी को आड़े हाथ लेते हुए जायसवाल ने कहा कि नीतीश कुमार और उनकी उत्पाद विभाग की टीम राज्य में शराब की खेप ला रही है। शराब की बोतल से चूड़ी उद्योग लगाने की आड़ में शराब तस्करों को छूट दी जा रही है।

पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद के आवास पर संवाददाताओं से बात करते हुए संजय जायसवाल ने कहा कि नीतीश और उनके उत्पाद विभाग के इशारे पर राज्य में शराब की खेप पहुंच रही है। शराब तस्करी के 10 वाहनों में नौ को पास कराया जाता है। शराबबंदी के नाम पर शराब तस्करी के मामले में एक



वाहन की ही जब्ती की जा रही है। डा. जायसवाल ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां जिस उत्पाद पर बैन लगा है, उसकी बोतल से ही चूड़ी उद्योग लगाने और जीविका दीदीयों को रोजगार देने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री की तस्वीर तक नहीं लगी थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नीतीश कुमार पहले अपने बूते 50 विधानसभा की सीट जीतकर दिखाएं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गृह मंत्री का सीमांचल दौरा निर्धारित है। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं व बीएसएफ व एसएसबी के जवानों से भी मिलेंगे।

### बिहार-बंगाल से बनाया जाएगा केंद्रशासित प्रदेश?

सीमांचल व बंगाल के कुछ हिस्सों को मिलाकर केंद्रशासित प्रदेश बनाने की बात पूरी तरह बकवास है। सीमांचल बिहार का हिस्सा है। राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा सवा लाख करोड़ की विभिन्न योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेस वे से सीमांचल में विकास की गति और तेज होगी। इस मौके पर विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, विधायक निशा सिंह, कविता पासवान, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार, जिलाध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, बबन झा, बबलू गुप्ता आदि मौजूद थे।

## केंद्र-दिल्ली सरकार की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट कल करेगा विचार,जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में संविधान पीठ शुरू करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली, 05 सितम्बर 2022।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र एवं दिल्ली सरकार के बीच विधायी एवं कार्यकारी शक्तियों से जुड़े मुद्दे पर सात सितंबर को सुनवाई करेगी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) उदय उमेश ललित की अगुआई वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील एएम सिंघवी की उन दलीलों पर गौर किया कि कुछ तात्कालिकता के चलते मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

सीजेआइ ने कहा, मैं जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से चर्चा करूंगा। हम सात सितंबर को जस्टिस चंद्रचूड़ की अगुआई वाली संविधान पीठ के सामने इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे। केंद्र की ओर से पेश हुए सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वे मुकदमे की तैयारी के लिए कुछ और दिनों का समय मांगेंगे। इस पर अदालत ने कहा कि संबंधित पीठ सुनवाई की रूपरेखा बनाएगी।

इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त को कहा था कि उसने केंद्र तथा दिल्ली सरकार की कार्यकारी शक्तियों से संबंधित मुद्दों पर सुनवाई के लिए जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में संविधान पीठ का गठन किया है। शीर्ष न्यायालय ने छह मई को दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण का मुद्दा संविधान पीठ के पास भेजा था।

यह याचिका 14 फरवरी, 2019 के विभाजित फैसले को ध्यान में रखते हुए दायर की गई है। इसमें जस्टिस एके सीकरी और अशोक भूषण (अब दोनों सेवानिवृत्त) की पीठ ने मुद्दे पर अंतिम फैसला लेने के लिए तीन सदस्यीय पीठ के गठन की सिफारिश की थी।

**सियासतः**

# राहुल गांधी के बयान को लेकर बचाव में उतरी कांग्रेस

### राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी बोली-आटा,तेल लीटर में तौला जाए या किलो में,भाव तो सबको है पता

**भोपाल, 05 सितम्बर 2022।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लीटर वाले बयान को लेकर मचे राजनीतिक बवाल के बाद उनके बचाव में कांग्रेस उतर गई है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने भोपाल में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि आटा तेल लीटर में तौला जाए या किलो में भाव तो सबको पता ही है। मोदी जी तो सब कुछ जानते हैं। 10 लाख का सूट पहनकर वह खुद को फकीर बनाने का काम करते हैं। उन्हें पता है कि वह पोलिटिकल साइंस की डिग्री किस तरह से ली जाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जुबान फिसलने को लेकर इतना बड़ा मुद्दा क्यूं बनाया जा रहा है।



कहा कि मोदी जी खुद टेलीप्रॉम्प्टर पढ़ते हुए इतनी गलतियां करते हैं। रागिनी नायक ने कहा कि बीजेपी और संघ भारत तोड़ो नीति कर रहे है। अंग्रेजों की नीति बीजेपी अपना रही है। बीजेपी और संघ असल मायने के टुकड़े टुकड़े गैंग है। देश में जिस तरह की असमानता है आर्थिक, सामाजिक आज संघीय ढांचे पर प्रहार हो रहा है। चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम हो रहा है। आप सरकार में रहे ना रहे आपकी ही सरकार है।

भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से हम इसे खत्म करने की कोशिश करेंगे। 150 से ज्यादा सिविल सोसायटी यात्रा का समर्थन कर रहा है। चार मुख्य मुद्दे हैं। आर्थिक विषमता, समानता, वर्तमान मुद्दों पर जनता के बीच जाकर करना, एकता में अनेकता। राहुल गांधी के नेतृत्व में 7 सितंबर से कन्याकुमारी से यात्रा शुरू होगी। मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा 16 दिन रहेगी। 3500 किमी की ये पदयात्रा 12 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश से गुजरेगी। 118 यात्री- साथी पूरी यात्रा में साथ रहेंगे। राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देकर यात्रा शुरू होगी।

C M Y K

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की मार

इस प्रकरण का सबसे परेशान करने वाला पहलू यही है कि जिन देशों ने कार्बन उत्सर्जन के जरिए ऊंचा जीवन स्तर हासिल किया, वे अब जलवायु बचाने के लिए कोई त्याग करने को तैयार नहीं हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की इस राय से सहज ही सहमत हुआ जा सकता है कि उनके देश पर जलवायु परिवर्तन की मार पड़ी है। दरअसल, शरीफ के यह कहने के पहले अनेक जलवायु विशेषज्ञों ने यही राय जताई थी। विशेषज्ञों ने इस वर्ष यूरोप और चीन में पड़ी असाधारण गर्मी और पाकिस्तान की घटनाओं को उचित ही जोड़ कर देखा है। बल्कि कुछ खबरों में बताया गया है कि हिमालय के ग्लेशियर पिघलने के कारण पाकिस्तान में बहने वाली नदियों में अचानक असामान्य पानी आ गया। पाकिस्तान का लगभग एक तिहाई हिस्सा हफ्ते भर डूबा हुआ है। पाकिस्तान सरकार ने अनुमान लगाया है कि बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या तीन करोड़ 30 लाख तक है। 1100 से ज्यादा मौतों की पुष्टि हो चुकी है। अभी भी कई नदियों का पानी खतरे के निशान के ऊपर है। शहबाज शरीफ ने इस विसंगति की तरफ की ध्यान खींचा है कि दुनिया भर में हुए कार्बन उत्सर्जन में पाकिस्तान का हिस्सा सिर्फ एक फीसदी है, जबकि जिन देशों पर जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा मार पड़ने की आशंका है, उस सूची में पाकिस्तान आठवें नंबर पर है। इस आशंका की पहली झलक फिलहाल दुनिया को देखने को मिली है। इस प्रकरण का सबसे अहम पहलू ही यही है कि जिन देशों ने कार्बन उत्सर्जन के जरिए ऊंचा जीवन स्तर हासिल किया, वे अब जलवायु बचाने के लिए कोई त्याग करने को तैयार नहीं हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन की मार उन पर भी पड़ रही है, लेकिन ज्यादा आबादी वाले देश इसके अधिक शिकार बनेंगे, ये बात रोज अधिक स्पष्ट होती जा रही है। शहबाज शरीफ ने ये बेलाग बयानी की- 'आज हम शिकार बने हैं, कल किसी और की बारी आएगी। जलवायु परिवर्तन का खतरा वास्तविक और गंभीर है, जो हम सब पर मंडरा रहा है।' यही समझाने की कोशिश में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटारेस ने एक उचित पहल की है। वे निजी तौर पर पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। गुटारेस ने पाकिस्तान में आई तबाही को 'जलवायु विनाश' कहा है। ये बात अब सारी दुनिया को गंभीरता से समझ लेनी चाहिए।

# भारत की वैदिक संस्कृति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारत को श्रेष्ठ बनाती है



**संजीव ठाकुर,** रायपुर छत्तीसगढ़

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

# भारत का आर्थिक मोर्चे पर दमदार आगाज

**गर्व की बात-भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना**

**दुनियां में भारत के सबसे तेज आर्थिक वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था बनने से इतिहास रचने की संभावना - विश्व की हसरत भरी नजरें भारत की ओर**



**किशन सनमुखदास भावनानी** गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत, दमदार, प्रबल होना उस देश को आर्थिक स्थिति सुदृढ़ और पूर्ण विकसित देशों में अपने दावेदारी के मानकों में वृद्धि करती है। दुनिया में उसका आर्थिक मोर्चे पर दमदार आगाज होता है। स्वभाविक ही है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उस देश की प्रतिष्ठा में जबरदस्त उछाल आता है। दुनियाभर के निवेशकों की नजरें उस देश में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित रहती है। दुनिया के निवेशकों का बहुत बड़ा भाग उस देश में निवेश करने आता है और अर्थव्यवस्था की सीढ़ी को ऊंचाई तक ले जाने वाले पहिए अपने आप बनते चले जाते हैं। आज ऐसी ही कुछ बात हमारे भारत देश के साथ होने की ओर अग्रसर है, क्योंकि भारत एक बार फिर दुनिया की 5 टॉप इकोनामिक में इंट्री ले ली है। भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़कर तिमाही आधार पर यह स्थान हासिल किया है और भारत की ग्रोथ को देखते हुए भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन जाएगा तथा यह स्थान स्थाई होगा और आगे चलकर जैसा कि हमारे विजन 2047 विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था पर काम कर रहे हैं हम आर्थिक मोर्चे पर विश्व गुरु जरूर बनेंगे ऐसा मेरा मानना है, इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर भारत के आर्थिक मोर्चे पर दमदार आगाज़ पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की करें तो उसके अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है, जिसके कारण 2021 के आखिरी तीन महीनों में भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। आईएमएफ के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में यह ग्रोथ 2022-23 में भी जारी है, जिसके कारण भारत साल के आधार पर भी दुनिया का सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।

साथियों बात अगर हम भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज गति से विस्तार की करें तो, कोरोना महामारी को मात देकर भारत की अर्थव्यवस्था ने तेजगति से अपना विस्तार किया है। एक अनुमान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 13.5 फीसदी रही है।

साथियों पहले 11वें स्थान पर था भारत, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने पहली तिमाही में बढ़त हासिल कर ली है। अभी दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमेरिका है। जबकि दूसरे नंबर पर चीन फिर जापान और जर्मनी का नंबर है। एक दशक पहले भारत इस सूची में 11वें नंबर पर था और ब्रिटेन पांचवें पायदान पर। भारत ने यह कारनामा दूसरी बार किया है। इससे पहले 2019 में भी ब्रिटेन को छठे स्थान पर धकेल दिया था।

साथियों बात अगर हम भारत के आर्थिक मोर्चे पर दमदार आगाज़ की करें तो, भारत की वृद्धि दर की बात करें तो विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में दूसरे नंबर पर काबिज चीन आसपास भी नहीं है। अप्रैल-जून तिमाही में चीन की वृद्धि दर 0.4 प्रतिशत रही है। वहीं कई अन्य अनुमान बताते हैं कि सालाना आधार पर भी भारत के मुकाबले में चीन पीछे रह सकता है।

साथियों राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने बीते दिनों आंकड़े जारी किए थे। इनके मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 17.6 फीसदी रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10.5 फीसदी रही थी। कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 4.5 फीसदी रही। 2021-22 की पहली तिमाही में 2.2 फीसदी रही थी।भारत ने हाल में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़े जारी किए हैं। इसके मुताबिक भारत दुनिया में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 13.5 फीसदी रही, जो पिछले एक साल में सबसे अधिक है। नकदी के संदर्भ में देखें तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मार्च तिमाही में 854.7 अरब डॉलर है, जबकि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 816 अरब डॉलर की है।

साथियों बात अगर हम अर्थव्यवस्था के पांचवी रैंकिंग पर आने पर आम लोगों पर असर की करें तो भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल महंगाई, रुपये में गिरावट, महंगे कच्चे तेल, कमोडिटी कीमतों से जूझ रही है. और इन चुनौतियां का सामना सिर्फ भारत ही नहीं पूरा विश्व कर रहा है. यकीनन रैंकिंग बढ़ने का तुरंत ही कोई असर नहीं दिखेगा. क्योंकि महंगाई जैसी वजहें सारी अर्थव्यवस्थाओं पर हावी हैं और इसी वजह से अर्थव्यवस्थाओं का साइज घट बढ़ रहा है. हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत के लिए ये उपलब्धि सिर्फ नाम की है। मध्यम से लंबी अवधि के बीच टॉप 5 में शामिल होना अर्थव्यवस्था के लिए न केवल सकारात्मक है साथ ही इसका प्रभाव आम लोगों की जिंदगी पर पड़ेगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत का आर्थिक मोर्चे मोर्चे पर दमदार आगाज हुआ है।गर्व की बात-भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।दुनिया में भारत सबसे तेज आर्थिक वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था बनने से इतिहास रचने की संभावना-विश्व की हसरत भरी नजरें भारत की ओर हो गई है।

## परिवार



नितेश कुमार दिवाकर
बैकुंठपुर छत्तीसगढ़

दादा दादी की नसीहत,आज काम सबके आया था /
तिनका तिनका जोड़ के,रहने को घर बनाया था //
मम्मी पापा की घर गृहस्थी,क्यों अलग हो गई थी /
खाने पिने का अलग,आज सामान जो मंगाया था //
चाचा चाची के घर के दरवाजे अब बदल गये थे /
रसोई में जाके देखा तो अलग चूल्हा जलाया था //
ना किसी को प्रणाम, ना ही किसी का आशीर्वाद /
अपनों से अपनों का रूठना,ये किसने सिखाया था //
परिवार के विवादों को,कोई दूसरा सुलझा नहीसकता
फिर क्यों घरवालों ने,आज बाहरवालों को बुलाया था
माता पिता की सेवा कभी किसी ने की नहीं होगी /
पता नहीं क्यों घर में एक बड़ा सा मंदिर बनाया था //
अपनों से ज्यादा भरोसा,हमें आज गैरों पे क्यों है /
गैरों ने तो घर पे हमारे,ईर्ष्या का जाल बिछाया था //
पर मन की तृष्णा को मारकर जीना ही जिंदगी है /
इस अध्याय का पाठ,घर के बड़े बुजुर्गो ने पढ़ाया था /
साथ रहकर मेरा तेरा में उलझ गई थी जिंदगी हमारी /
परिवार से दूर रहकर पता चला,कितना कमाया था //
परिवार से बड़ा हमदर्द,दूसरा कोई नहीं इस जहाँ में /
बुरे वक्त की मार ने,आज हम सबको समझाया था //
प्रेम से बांधे परिवार के धागे को कोई तोड़ ना पाये /
सम्बन्ध के धागे टूटे ना, इस तरह से गाँठ लगाया था /
अपने अपनों में मसगुल हो गये थे आज रिश्ते सारे /
सारे रिश्ते नातों को जोड़,एक परिवार बनाया था //

## बेचारगी



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

ज़ख्मों से भरी जिंदगी, जाएं तो कहां जाएं।
होती नहीं अब बंदगी, जाएं तो कहां जाएं।
जिंदा तो हैं जीने का, एहसास नहीं कोई,
सामान है सब ग़म का, पर पास नहीं कोई,
दिल चाहे अब रवानगी, जाएं तो कहां जाएं।
अब के बरस खुदाया, आई है क्या बहार,
जलवे नहीं हैं कोई, हर शै लगे बेज़ार,
तबियत में है बेचारगी, जाएं तो कहां जाएं।
चुभने लगा है दिल में, बंजारापन ख़लीश सा,
बेचैनी बन के हर पल, रहने लगा रंज़ीश सा,
बढ़ने लगी दीवानगी, जाएं तो कहां जाएं।
दिल कहता हां ज़हन न, हरपल है जंग जारी,
खुद से इश्क में लड़ना, उफ़ कैसी अदाकारी,
होती नहीं अदायगी, जाएं तो कहां जाएं।
है आईना हर एक, दर ओ दीवार पे लगा,
बे नूर है ये जिंदगी, जीना है एक सज़ा,
बढ़ने लगी है तीरगी, जाएं तो कहां जाएं।

## पापा जो आप होते



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

पापा जो आप होते आज
तो ऐसी तो ना होती मैं
दिन बीते और रात ढले
फिर ऐसे तो ना रोती मैं
बिखर गए अब सपने सारे
टूट गए सब मोती प्यारे
आपके सपने, माँ की आँखों में
झिलमिल से मोती मैं
पापा जो आप होते आज
तो ऐसी तो ना होती मैं
चंदा सूरज ग्रह तारे
सब चाल बदलने आते हैं
उलट पड़ीं चालें मुझपे, वरना
आपको यूँ ना खोती मैं
पापा जो आप होते आज
तो ऐसी तो ना होती मैं
मैं तो अभी नन्ही गुड़िया थी
आपकी दुलारी बिटिया थी
कुछ पल और मिले होते
तो गोद में सर रख सोती मैं
पापा जो आप होते आज
तो ऐसी तो ना होती मैं
आपने मुझको पाला था
और मैंने माँ को पाला है
आप जो होते, माँ को माँ सी
ऐसे तो ना संजोती मैं
पापा जो आप होते आज
तो ऐसी तो ना होती मैं

## मुस्कुराओ



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल मध्यप्रदेश

तुम छुपा के गमें अश्क, मुस्कुराओ तो जाने।
दूर जाना कमाल नही, नजदीक आओ तो जाने।
इसमें क्या कमाल, किसी की बेबसी पे हँसना,
किसी ढहती हुई दीवार को बचाओ तो जाने।
नफरत का हर वार सह लिया मैंने हँस के,
अब मौहब्बत का कोई दाँव चलाओ तो जाने।
वो बहुत खुश है मेरे पैरों में बेडियां डाल के,
मेरे ख्यालात पे भी पहरे बिठाओ तो जाने।
इतराते हो, महलों में चाँद सितारे सजा के,
शहीद की मजार पे चराग जलाओ तो जाने।

# अपेक्षाओं का दायरा छोटा रखिए



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलूरु,कर्नाटक

क्यूँ

हम चाहते है कि सब हमारी सोच के मुताबिक ही हो? इनको ऐसा करना चाहिए, उनको वैसा करना चाहिए और ऐसा नहीं होने पर अकुलाहट क्यूँ?

नेकी कर दरिया में ड़ाल इस कथन को याद रखकर सिर्फ़ अपने कर्तव्यों का पालन करते रहेंगे, तो मन शांत और सकारात्मक रहेगा। अपेक्षाओं का दायरा हंमेशा छोटा रखिए, अपेक्षाएँ हटते ही दुनिया अपरिचित और अन्जान लगेगी और अन्जानों से कैसी अपेक्षा? जहाँ अपेक्षा ख़त्म हो जाती है सुकून की शुरुआत जीवन में वहीं से होती है।

बेशक हर इंसान के मन में अपेक्षाएँ रहती है, जब व्यक्ति की अपेक्षाएँ पूर्ण हो जाती है तब ज़ाहिर सी बात है खुशी मिलती है। लेकिन जब अपेक्षा के बदले उपेक्षा मिलती है तो इंसान अंदर से टूट जाता है। अपेक्षाएं मन का मोह है, चाहे व्यक्ति की अपेक्षाएं पूरी न हों, परन्तु वह अपेक्षा रखता जरूर है। माता-पिता बच्चों से, बच्चे माता-पिता से, पति, पत्नी से, पत्नी, पति से, गुरु, से, दोस्त को दोस्त से अपेक्षाएँ रहती ही है। रिश्ता कोई भी हो अपेक्षा से परे नहीं होता। सीधा गणित है अगर कोई इंसान हमारी अपेक्षाओं पर खरा उतरता है तो वह सही और अच्छा वरना बुरा है।

यदि किसीके लिए कुछ अच्छा करने के बाद मन में ये लालच उत्पन्न होती है कि हाँ मैंने तो इनके कितना कुछ किया, उसको भी मेरे लिये ये करना चाहिए, वो करना चाहिए वो गलत है। जब आपकी अच्छाईयों का प्रतिभाव नहीं मिलता तब मन खिन्न हो जाता है, सामने वाला पराया बन जाता है। उनके हर व्यवहार में कमियां नज़र आने लगती है। ये हमारी अपेक्षा की वजह से होता है। किसीके लिए कुछ करके भूल जाना बेहतर होता है।

हमारे कर्मों का हिसाब जहाँ होना चाहिए वहाँ अचूक होता है, और उसका फल भी मिलता है। आज हर रिश्ता स्वार्थ की क्षितिज पर खड़ा है। जब तक आप किसीको देते रहेंगे आप सर्वश्रेष्ठ है, जैसे ही किसी दिन ना बोल दी आप दुश्मन की श्रेणी में खड़े कर दिए जाओगे। इस परिस्थिति में किसीसे भी उम्मीद या अपेक्षा रखना रेत में से पानी निचोड़ने के बराबर है।

अपेक्षाएँ मौन एहसास चाहती है। जैसे पति की पत्नी से केयरिंग होने की अपेक्षा, तो अभिभावकों की बच्चों से यह अपेक्षा कि वे बुढ़ापे में उन की देखभाल करेंगे। जबकि बच्चे यह अपेक्षा करते हैं कि वे अपनी सोच और मन मज़ी के अनुसार जिंदगी जिएंगे, जिस में माता-पिता की टोका-टोकी न हो। लेकिन व्यावहारिक जीवन में ऐसा नहीं होता कि सामने वाला आप की अपेक्षा के अनुरूप व्यवहार करे या आप की सोच के मुताबिक आपसे रिश्ता रखें।

कर्तव्य और फ़र्ज़ निभाने की पहली शर्त है निस्वार्थ परोपकार करते जाओ, अपने हिस्से की धूप से किसी ओर का आशियां रोशन करते जाओ आपके घर की दीवारें हंमेशा झिलमिलाएगी। नेकी के पेड़ पर मीठा फल ही उगेगा। अगर ज़िंदगी में सुकून चाहिए और रिश्तों को ताउम्र बरकरार रखना चाहते हो तो कर्तव्य परायण अपना कर अपेक्षाओं को निजात दे दो। किसीसे भी अधिक उम्मीद निराश करेगी, कर्मों पर श्रद्धा रखिए अपेक्षाओं से सदा ही अधिक मिलेगा।

# महिला सशक्तिकरण



**जयश्री बिरमी**
अहमदाबाद गुजरात

सामान्यतः गांवों में महिलाओं की यानि कि लड़कियों की शिक्षा के प्रति कोई लक्ष नहीं देता हैं।एक आम सी बात मशहूर रहती हैं 'आगे जा कर तो घर और रसोई ही संभालनी हैं,पढ़ाई की क्या जरूरत हैं?' गांव की कुछ लड़कियां पढ ने के लिए उत्सुक थी लेकिन घर परिवार से अनुमति नहीं मिल रही थी।तब मीना जो काफी चुस्त थी उसने बीड़ा उठाया,जब 7 वीं के बाद उनका अभ्यास बंद करवाया जा रहा था।उसने सुझाव दिया कि शिखा बहनजी को मिला जाएं।और सर्व सम्मति से वे लोग उनसे मिलने चली गई और हकीकत से विगत करवाया तो वह भी थोड़ी हैरान तो हुई किंतु सब को आश्वासन दे घर भेज दिया कि 'कुछ करती हूं।'

लेकिन वह परेशान थी कि एक साथ 12 लड़कियां आगे अभ्यास नहीं कर पाएंगी।शिखाजी ने सरपंच से बात करने की सोची और दूसरे दिन जाके मिलने का तय कर घर चली गईं।वह व्यथित रही जब तक सरपंचजी से मिल नहीं लिया।शिखा जी ने कहा,÷ सरपंच जी ये तो बच्चियों की जिंदगी का सवाल हैं।एक शिक्षित नारी पूरे परिवार के उत्थान के लिए कार्य करती हैं यहां तो 12 जिंदगियों का सवाल हैं,क्या किया जाएं?÷ सरपंच जी बोले,÷शिखाजी आप सही कह रहीं हैं लेकिन उनके माता पिता पर कैसे दबाव लाया जाएं ये समझ में नहीं आ रहा।कोई कानून तो हैं नहीं जिससे उनके पर दबाव ला सकूं।आप ही बताएं क्या किया जाएं।

शिखाजी कुछ देर चुप रही फिर बोली,÷ एक बात हो सकती हैं,आप उन सबकी मीटिंग बुलाएं,उन्हे मैं समझने की कोशिश करूंगी।

सरपंच जी भी सहमत हुएं और सभी लड़कियों के पिताजी को मीटिंग में बुलाया गया।दूसरे दिन शाम के समय सभी चोपाल में इक्ठा हुएं तो सरपंच जी ने मीटिंग का उद्देश्य सब के सामने रखा।सभी आपस में बात कर विरोध करतें हो वैसे बातें करना शुरू कर दी।

तब शिखाजी ने बात संभाल ली और बोली,÷आप सभी से बिनती हैं कि आप हमारी बातों पर गौर करें।आप सब की बेटियां पूरे गांव की बेटियां हैं,और उनके भविष्य के बारे में बात करना अति आवश्यक हैं।÷ तो सब एक साथ बोले ,÷ अगर पाठशाला अपने गांव में नहीं हैं तो उन्हें हम पास के गांव में पढ़ने नहीं भेज सकते।÷ और सब उठ कर जाने लगे तो सरपंच जी ने उन्हे रोका और समझाने की कोशिश की लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे।लड़कियों का 7 किलोमीटर तक चल कर जाना और आना उनके लिए थकान का कारण बनेगा और सुरक्षा का भी प्रश्न था।तब शिखाजी ने उन्हे बताया कि सरकार की और से कम कीमत में साइकिलों का आवंटन करवा सकतें हैं तो क्या वे भेजेंगे अपनी बच्चियों को पढ़ने के लिए।तब थोड़ी देर की चुप्पी के बाद सब आपस में बातें करने लगे और सब ने सहमति दिखाई।

फिर तो शिखाजी और सरपंच जी की खुशी से बांछे खिल गईं और दोनों ने अपने कार्य का शुभारंभ उसी दिन कर दिया।कुछ दिनों में सम्मति पत्रक आया सब के हस्ताक्षर हुएं और नया सत्र शुरू होने से पहले सब की साइकिलें आ गई।अभी लड़कियां एक साथ साइकिल पर पाठशाला जानें लगी।लग रहा था एक स्त्री सशक्तिकरण की फौज जा रहीं हो।सब ने सरपंच जी , शिखा जी और मीना को धन्यवाद बोल राम का नाम ले पढ़ाई शुरू करदी।

## मधुमालती छंद



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

चर्चित जगत में साँवरे,
तेरा सदा से नाम रे।
तुमसे निशा की है छटा
तुमसे निराली है घटा।।
मोहन सखा तुम हो सदा
तुम ही सुधा सम प्रतिपदा।
जीवन अनल को रोकते
तुम ही सदा हो टोकते।
गिरिधर उठा लो पंख से,
बजते जिया में शंख से।
दर्शन मिले बस आपके,
अंबर धरा परिमाप के।
पीड़ा नदी है बह रही,
यह वेदना बन कह रही।
कान्हा बनो तुम सारथी,
बनकर चला हूँ मैं रथी।
मन की यही विनती कहूँ,
बनकर सदा मुरली रहूँ।
कर में पिया के झूमती,
प्रिय के चरण को चूमती।।

# अम्बिकापुर के भूतपूर्व पार्षद एवं समाजसेवी स्व. प्रभा शंकर अवस्थी जी की बीसवीं पुण्यतिथि



प्रभा श्री ग्रूप के प्रेरणास्त्रोत स्व. प्रभा शंकर अवस्थी की बीसवीं पुण्यतिथि पर उन्हें देश भर के कवियों ने काव्य पुष्प अर्पित किए गए। जाने माने समाजसेवी तथा बिल्डर श्री अवस्थी साहित्य में गहन रुचि रखते थे, इसी कारण से इस सप्ताह उनकी स्मृति में मंच सजाया गया। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। गत रविवार 04 सितम्बर के इस कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम डॉ. शशिकांत शर्मा (नागपुर), सूबे सिंह सुजान (कुरूक्षेत्र), प्रकाश कुरुक्षेत्री (कुरुक्षेत्र), रजना मजूमदार (नई दिल्ली)। सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। किसी ने शिक्षकों को काव्य नमन किया तो किसी ने राष्ट की बातद की, किसी ने राजनैतिक व्यंग पढ़ा तो किसी ने प्रकृति प्रेम उजागर किया। श्रोता दीर्घा में से हरदा के जयकृष्ण चांडक, काशी के प्रताप शंकर दुबे एवं दिल्ली की वनिता शर्मा ने अपने हृदय के उद्गार काव्य के माध्यम से मंच को अर्पित किये । तत्पश्चात मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री ÷गीत÷ (काशी) की ग़ज़ल के उपरांत मुंबई की वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती की श्रेष्ठतम गजल के पश्चात मंत्रमुग्ध मंच की तालियों के बीच स्वाती जी के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तथा आशीर्वचनों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# स्वस्थ्य मंत्री ने किया शिक्षकों का सम्मान

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना) ।**
शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वस्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव की ओर से शिक्षकों का सम्मान किया गया। अम्बिकापुर विधान सभा के सभी स्कूलों जा कर शिक्षकों को डायरी पेन प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव ने अपने संदेश में कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम है।डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन थोपे बल्कि वास्तविक शिक्षक वह है जो आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे। गुरु ईश्वर का रूप है।स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव की ओर से जिला उपाध्यक्ष मो इस्लाम, महामंत्री अरविंद सिंह गप्पू, सैय्यद अख्तर, प्रवक्ता आशीष वर्मा, गुरप्रीत सिद्धू, रजनीश सिंह, जमील खान, विकास शर्मा, पंकज शुक्ला आदि ने सभी स्कूलों में डायरी पेन प्रदान किया ।



## शिक्षक दिवस पर स्कूल में हुए विविध आयोजन



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना) ।**
यूनिक कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सन राइज हायर सेकेंडरी स्कूल, अम्बिकापुर में संयुक्त रूप से 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमे संस्था प्रबंधक एफडी खान द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभआरम्भ किया गया तथा प्रबंधक द्वारा केक काटकर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस के रूप में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान कई कार्यक्रम के आयोजन किए गए। मंच संचालन विद्यालय के सोहन भोजवानी के मार्गदर्शन में बारहवी कक्षा की छात्राओं के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों एवं शिक्षको की सत प्रतिशत उपस्थिति रही । कार्यक्रम में संस्था प्रबंधक द्वारा विद्यालय परिवार को शुभाशीष प्रदान किया गया। जिसमे प्राचार्य अभिजीत दासगुप्ता, अजहरुद्दीन खान, बक्शी मैडम एवं समस्त विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही।

# 6 प्रमुख मांगों को लेकर शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षकों कर्मचारियों ने दीया एक दिवसीय धरना



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना) ।**
अपने के प्रमुख मांगों को लेकर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के कर्मचारियों व शिक्षकों ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस का बहिष्कार कर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। अंबिकापुर स्थित कलेक्ट्रेट शाखा के सामने शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक एवं कर्मचारिय संगठन धरना देकर अपनी मांग रखी। प्रदेश के अनुदान प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, कर्मचारियों का भी पेन्शन लागू की जाए। शिक्षक (अनुदान) संवर्ग के कर्मचारियों को दिनांक 1 मई 2013 से राज्य के शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के समान समतुल्य वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए। शिक्षक (अनुदान) संवर्ग के कर्मचारियों का भी दिनांक 1 जून 2018 से शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के समान पदनाम परिवर्तन किया जाए। 2 वर्ष या उससे अधिक सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शेष बचे शिक्षक (अनुदान) संवर्ग के कर्मचारियों का भी 1 नवंबर 2020 से शिक्षक पंचायत / नगरीय निकाय संवर्ग के कर्मचारियों के समान नियमित 7वां वेतनमान व पद नाम परिवर्तन किया जाए। अनुदान प्राप्त विद्यालयों के लिए भी राज्य शासन के समान नवीन मर्ती नियम जारी किया जाए। अनुदान प्राप्त विद्यालयों में 2014 से भर्ती पर लगे प्रतिबंध को हटाए जाने की मांग को लेकर संगठनों ने धरना दिया। इस दौरान मुख्य रूप से संगठन के अध्यक्ष कमल नयन त्रिपाठी, सचिव निरंजन कुमार हालदार, कोषाध्यक्ष अजय कुमार सहित अन्य शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार में संलिप्त पटवारी को पदस्थ किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना) ।**
शासकीय भूमि बिक्री करने के मामले में जेल जा चुके पटवारी राजीव श्रीवास को ग्राम-सरगंवा, नर्मदापारा से ट्रांसफर कर दूसरे जगह पदस्थ किया गया था। इस पटवारी पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। इसके स्थान पर दूसरे पटवारी की नियुक्ति की गई थी। इसके बाद पुनः पटवारी राजीव श्रीवास को ग्राम-सरगंवा, नर्मदापारा के पटवारी बनाए जाने पर ग्रामवासियों में आक्रोश है। सोमवार को काफी संख्या में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंच कर पटवारी राजीव श्रीवास का विरोध करते हुए उसे ग्राम-सरगंवा नर्मदापारा में पदस्थ नहीं किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सरगंवा, नर्मदापारा में पदस्थ वर्तमान पटवारी का ट्रांसफर कर उसके स्थान पर राजीव श्रीवास को सरगंवा नर्मदापारा में ट्रांसफर कर दिया गया है। पटवारी राजीव श्रीवास पूर्व में यहीं पटवारी रह चुका है जो यहां पूर्व मे पदस्थ होते हुए भारी भ्रष्टाचार में लिप्त था एवं शासकीय भूमि को बिक्री करने के कारण जेल भी जा चुका है। 8 माह जेल मे भी था उस प्रकरण के सारे गवाह भी ग्राम सरगंवा के हैं एवं उसका जनता के साथ व्यवहार व कार्यशैली भी सही नहीं है। उसी पटवारी को यहां फिर से आ जाने से आम जनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर उक्त पटवारी राजीव श्रीवास का ट्रांसफर अन्यत्र किया जाए एवं वर्तमान मे पदस्त पटवारी को यहीं यथावत रहने दिए जाने की मांग की है।



# शिक्षक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## डायरी पेन भेंट कर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



-संवाददाता-
**उदयपुर05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना) ।**
विकासखंड उदयपुर अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों में शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इनमें छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को डायरी पेन सहित अन्य उपहार भी भेंट किए गए उपसरपंच उदयपुर शेखर सिंह देव के द्वारा विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव द्वारा प्रदान किए गए पेन एवं डायरी का वितरण विकासखंड के सैकड़ों शिक्षकों को किया गया ।

माध्यमिक शाला उदयपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शेखर सिंह देव ने कहा कि शिक्षक राष्ट के निर्माता हैं इनके द्वारा ही आने वाले पीढ़ियों का भविष्य संवारने का काम पूरी तन्मयता के साथ अनादि काल से किया जा रहा है गुरु शिष्य की परंपरा का निर्वहन करते हुए विधायक एवं पंचायत मंत्री स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव ने विकासखंड के सैकड़ों शिक्षकों को डायरी पेन भेंट कर शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी है। कार्यक्रम के दौरान कुंजल राजवाड़े प्रताप सिंह नंद लाल राजवाड़े ईश्वर प्रसाद तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं प्राचार्य एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# राज्य शिक्षक सम्मान से अलंकृत हुईं दीपमाला व अनिता



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।**
शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में सोमवार को राजभवन के दरबार हाल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिले के नवाचारी व्याख्याता श्रीमती दीपमाला देशमुख व शिक्षक एलबी श्रीमती अनिता तिवारी को राज्यपाल के हाथों राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षिकाओं को राज्य शिक्षक पुरस्कार 2021 के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया है जिससे सरगुज़ा जिला गौरान्वित हुआ है। उलेखनीय है कि कोरोना काल में भी इन दोनों शिक्षिकाओं ने बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मोहल्ला क्लास का आयोजन गांव गांव जाकर बच्चां को पढ़ाने का काम किया था।

# कलेक्टर ने दी छात्रों को श्रीनगर भ्रमण की सौगात

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।**
शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम उप राष्ट्पति एवं शिक्षाविद भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को जिला प्रशासन द्वारा श्रीनगर भ्रमण कराए जाने की बात कही।



कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदान के सम्मान में हम शिक्षक दिवस मनाते हैं। बच्चों के लिए जो उनका प्यार उनका समर्पण था वह अद्वितीय है। प्रयास आवासीय विद्यालय में जो भी बच्चे प्रवेश लिया है वह कड़ी प्रतियोगिता परीक्षा पास करके आया है। यहां प्रवेश लिए बच्चे अपने गांव के मेधावी बच्चों में से हैं। आप लोग और प्रयास करेंगे तो कई अच्छे पदों पर सुशोभित होकर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह मिट्टी का घड़ा बनाने के लिए कुम्हार मिट्टी में से कंकर को छांटकर अलग करता है और कच्ची मिट्टी को ठोंक पीटकर मटका बनाता है उसी तरह सही मायने में व्यक्तित्व का विकास शिक्षक के द्वारा ही होता है। शिक्षक के डांट को एक सबक के रूप में लें और भविष्य के लिए सही कदम बढ़ाने की ओर सार्थक पहल के रूप में भी लें। शिक्षक आपको आपके भविष्य के लिए डाँटता है। जब आप पढ़ाई कर रहे हो तो खेल के बारे में नहीं सोचना है और जब आप खेल खेल रहे हो तो पढ़ाई के बारे में नहीं सोचना है। आपको खूब मेहनत से पढ़ाई करना है। जो काम करना है उसे पूरे मनोयोग से करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री विनय कुमार लंगेह ने कहा कि शिक्षक जो हमे डांटते हैं, फटकारते हैं वो हमें सही रास्ता दिखाने के लिए ही होता है। उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। एक आदर और सम्मान की भावना जो हमारे मन मे शिक्षक के प्रति होती है वो होनी चाहिए। ये उन्हीं का आशीर्वाद है जो आज हम यहां पर हैं। शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करें।

कार्यक्रम में सहायक आयुक्त श्री जे.आर. नागवंशी, अनुसंधान अधिकारी श्री डीपी नागेश, शिक्षक सम्मान समिति के अध्यक्ष डॉ. जेपी श्रीवास्तव तथा अन्य शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# समितियों में 13238 क्विंटल उर्वरक उपलब्ध

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।**
जिले के सहकारी समितियों में 5 सितंबर 2022 की स्थिति में 13238.64 क्विंटल उर्वरक उपलब्ध है।
उप पंजीयक सहकारी संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 39 सहकारी समितियों में कुल यूरिया 8880.71 क्विंटल, 1804 क्विंटल सुपर फास्फेट, 912.50 क्विंटल डीएपी, 1277.43 क्विंटल एनपीके तथा 364 क्विंटल अन्य उर्वरक उपलब्ध है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार धौरपुर में 86.46 क्विंटल, डूमरडीह में 1386.31, ससौली में 587.81, बाटवाही में 944.30, सहनपुर में 850, कुंदीकला में 399.45, सीतापुर में 0, भुसु में 307.70, बन्दना में 0, राजापुर में 166.35, प्रतापगढ़ में 296.90, केरजु में 0, गेरसा 0, पेटला में 90, लखनपुर में 908.55, अमेरा में 245.71, चांदो में 158.05, कुन्नी में 99.75, जमगला में 250.66, निम्हा में 251.80, अमलभिट्टी में 197.10, उदयपुर में 582.70, सालका में 221.50, डांडगांव में 1391.60, केदमा में 288, खम्हरिया में 550.60, दरिमा में 141.30, नमनाकला में 94.19, मेण्ड्राकला में 15.75, कर्रा में 277.50, करजी में 325.95, सुखरी में 213.60, खैरबार में 257.60, कमलेश्वरपुर में 292.05, नर्मदापुर में 122.55, बतौली में 213.15, बरगीडीह में 873.20, सेदम में 2.06 एवं बटाईकेला में 155 क्विंटल उर्वरक उपलब्ध है।




# बेरोजगारों को ट्रेंनिंग देने का फैसला लिया गया

-संवाददाता-
**कोरबा 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना) ।**
छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में फिर सैकड़ों ग्रामीणों ने नरईबोध, गंगानगर समेत सभी विस्थापित गांवों के बेरोजगारों को आउट सोर्सिंग कंपनियों में 100त्न रोजगार देने की मांग पर तीन घंटे तक गेवरा खदान के ओबी और कोयले के उत्पादन को ठप्प कर दिया। प्रदर्शनकरियों को खदान के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में सीआईएसएफ को लगाया गया था, लेकिन प्रदर्शन कर रहे बेरोजगार गेवरा खदान के अंदर घुसकर खदान बंद कराने में सफल हो गए। इससे परिवहन गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और कोयला ढुलाई का भी काम ठप्प हो गया। इससे एसईसीएल और आऊट सोर्सिंग कंपनी को करोड़ों का नुकसान हुआ ।उल्लेखनीय है कि किसान सभा के नेतृत्व में रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है। किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा ने आरोप लगाया है कि स्थानीय भूविस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने के बजाए इस क्षेत्र से




बाहर के लोगों को रोजगार बेचा जा रहा है और इसमें एसईसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनियों की पूरी मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि विस्थापन प्रभावित लोगों के लिए रोजगार का प्रबंध करना एसईसीएल की जिम्मेदारी है, लेकिन भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा प्रबंधन अपने इस सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करने से मुकर रहा है। किसान सभा के जिलाध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर, जय कौशिक तथा भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के अध्यक्ष रेशम यादव और दामोदर श्याम ने भूविस्थापित बेरोजगारों को खनन कार्यों में सक्षम बनाने हेतु प्रशिक्षण कैम्प लगाने की मांग करते हुए आउटसोर्सिंग कंपनियों में कार्य कर रहे लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन करने की मांग की है, ताकि रोजगार खरीदने वाले लोगों का स्पष्ट पता लग सके। उन्होंने कहा कि नरईबोध, गंगानगर सहित दर्जनों गांव खनन परियोजना से प्रभावित है और हजारों परिवार आजीविका के साधनों के अभाव में बेरोजगारी का दंश सहने को मजबूर है। नरईबोध गांव के किसान सभा की अध्यक्ष कांति कंवर, पूर्णिमा महंत,जीरा बाई, सुकल बाई, गिरजा बाई ने कहा कि गांव में ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के घरों को काफी नुकसान हुआ है जिसका क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया जाए तथा बसावट, मुआवजा और रोजगार को लेकर ग्रामीणों के पक्ष में जबतक कोई फैसला नहीं होता है, तब तक गांव में किसी भी प्रकार के नापी होने पर विरोध किया जायेगा।तीन घंटे की खदान बंदी के बाद एसईसीएल के प्रोजेक्ट महाप्रबंधक एस.पी.भाटी और ए.पीएम एस. परिडा बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारी नेताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि कल से वीटीसी सर्टिफिकेट देकर ट्रेनिंग देने का काम शुरू किया जाएगा और 9 सितंबर को नरईबोध में ब्लास्टिंग, बसावट, मुआवजा की समस्या के समाधान के लिए गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक कर चर्चा किया जाएगा। उनके इस आश्वासन के बाद खदान बंदी खत्म की गई।खदान बंद आंदोलन में प्रमुख रूप से मन्नू कुमार, राजू दास, विवेक दास, हरिकेश, देवनारायण, उमेश धाम, हर नारायण, दीनानाथ, मोहन यादव, हरिशंकर, विजय, अशवनी, मोहन कौशिक, दिलहरण बिंझवार, सुमेन्द्र सिंह, नरेंद्र यादव, होरी, अमरजीत कंवर, संजय यादव, रघु कंवर, पुरषोत्तम, रामायण के साथ बड़ी संख्या में विस्थापन प्रभावित गांव के बेरोजगार शामिल थे।

# लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को नहीं था पता कि कहां है गड्ढा

**घटती-घटना ने दिलाया याद तो कुंभकरण की नींद से जागे...**

घटती घटना खबर का असर





-ओमकार पांडेय-

**सूरजपुर, 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।** भैयाथान जाने वाले मार्ग पर गड्ढे की हुई मरम्मत, राह हुआ आसान सोमवार को फिर से खबर का असर देखने को मिला। दरअसल घटती घटना ने अपने शनिवार के अंक में जिला मुख्यालय से भैयाथान जाने वाले मार्ग पर सड़क का गड्ढा, आए दिन राहगीरों को मौत को दे रहा बुलावा शीर्षक से बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर सोमवार को ही विभाग के अधिकारियों के द्वारा गढ्ढे को भरने का काम किया गया चूंकि गढ्ढा बहुत गहरा हो गया था जिसमें आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही थी। जिसके चलते राहगीरों की परेशानी को देखते हुए घटती घटना ने खबर प्रकाशन किया था, ताकि राहगीरों की समस्या का समाधान हो सके। साथ गढ्ढे में आए दिन हो रही दुर्घटना कम हो सके जिसका असर खबर के बाद अधिकारियों पर पड़ा।गढ्ढे के भर जाने से अब आने जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, साथ स्कूली बच्चे भी दुर्घटना होने से बचेंगे। अब देखना यह है कि अस्थाई तौर पर की गई यह व्यवस्था कितने दिनों तक टिकती है। ग्रामीणों ने घटती घटना का किया धन्यवाद इस मार्ग से गुजरने वाले आस-पास से गुजरने वाले ग्रामीणों ने घटती घटना को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गढ्ढे वाली जगह से गुजरने वाले कई ग्रामीण ने बताया कि सोमवार की सुबह जब वहां कर्मचारी गढ्ढे भरने का काम कर रहे थे तब उसने कर्मचारी से पूछा कि किसकी ओर से गढ्ढे भरने का काम किया जा रहा है। तब कर्मचारियों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से गढ्ढा भरवाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण ने बताया कि स्कूल सामने बहुत बड़ा गढ्ढा हो गया था जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही थी। साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था । लेकिन अब गढ्ढे के भर जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा । गढ्ढे के भरने के बाद सड़क हादसे में भी कमी आयेगी।


भैयाथान जाने वाला मार्ग जर्जर अवस्था में

-ओमकार पाण्डेय- सूरजपुर ,03 सितम्बर 2022(घटती-घटना)। जिले मुख्यालय से भैयाथान जाने वाला मार्ग पर सड़क की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह गड्ढे व सड़क जर्जर होने से हर दिन दुर्घटनाओं का खतरा बन रहा है। गड्ढों से बचने के चक्कर में वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई गांवों के लोग इस बारे में लोक निर्माण विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आज तक इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। जिसे लेकर विभाग व सरकार के प्रति काफी रोष बना हुआ है। विभाग से जल्द ही सड़क को बनाने की अपील कर रहे हैं, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। बसदेई चौक के पास तो काफी बड़े-बड़े गड्ढे हैं। गांवों से होते हुए कई क्षेत्र को जोड़ने वाली रोड पर गड्ढे हैं। इनकी वजह से वाहन चालक आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं।

सड़क को जल्द ही बनाया जाए

बसदेई गांव के रहने वाले कई लोगों का कहना है कि दुकानदारी करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है सड़क में गड्ढा हो जाने के कारण बड़ी-बड़ी वाहनें चलते हैं इस मार्ग से सीधी छठ का हम लोगों के दुकान में आता है रोड पर गहरे गड्ढे हैं। जो वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। आए दिन कोई न कोई वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं ,लेकिन विभाग व अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोड को जल्द ही बनाया जाए, ताकि हादसे रोके जा सकें।

हर वर्ष लाखों का होता है टेंडर

उल्लेखनीय है कि शासन की ओर से हर वर्ष लाखों रुपए की लागत से सड़क की गड्ढों में पेंच भराई का टेंडर होता है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों की जांच कराकर ठेकेदार से सड़क का मरम्मत कराते, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता। गड्ढों में गिट्टी का डस्ट व चूर्ण डालकर मामले को वहीं खत्म कर दिया जाता है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता महादेव लहरे ने कहा कि आपके माध्यम से मुझे जानकारी मिला है मैं एसडीओ को बोल कर दिखाता हूं

महादेव लहरे
कार्यपालन अभियंता
सूरजपुर

# आखिर कहां से मिला आश्वासन,लगातार विधानसभा चुनाव 2023 के कांग्रेस प्रत्याशी बतौर कर रहें हैं क्षेत्र भ्रमण

**बैकुंठपुर जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल का लगातार विधानसभा बैकुंठपुर दौरा।**
**धुंआधार जनसम्पर्क एवम दौरों से लोग भी पड़े असमंजस में,आत्मविश्वास देखकर लोग भी हैं दंग।**
**विधानसभा चुनाव 2023 में क्या सचमुच अनिल जायसवाल होंगे बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्यासी,सवाल ?**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल विधानसभा चुनाव 2023 में बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्यासी हो सकते हैं ऐसी अटकलें लगाई जा रही है और ऐसा उनका आत्मविश्वास और उनका लगातार क्षेत्र भ्रमण देखकर कहा जा रहा है।

उन्हें कहां से 2023 में बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्यासी बतौर टिकट मिलने का आस्वासन मिला है यह तो स्पष्ट नहीं हो पा रहा है लेकिन उनका लगातार दौरा कार्यक्रम यह बता रहा है कि वह पूरी तरह चुनाव लड़ने को तैयार हैं और वह उसी तैयारी में हैं। अनिल जायसवाल वैसे भी आत्मविश्वास से लबरेज इंसान हैं और वह जनसंपर्क मामले में भी बड़े अग्रणी हैं, अभी जिस तेजी से उनका जनसंपर्क जारी है और प्रतिदिन जिस तरह वह सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपने दौरों का जिक्र कर रहें हैं माना जा रहा है कि उनकी पूरी मंशा चुनाव लड़ने की है और वह इसबार पूरी तरह तैयार हैं चुनाव लड़ने के लिए। अनिल जायसवाल बैकुंठपुर विधानसभा के सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर रहें हैं और पिछड़ा वर्ग विभाग जिला कांग्रेस कमेटी जिला कोरिया के अध्यक्ष होते हुए वह लगातार पिछड़ा वर्ग समाज को भी कांग्रेस के पक्ष में संगठित करते चले जा रहें हैं और पिछड़ा वर्ग समाज के वोट बैंक के आधार पर उनकी दावेदारी भी पुख्ता नजर आती दिख रही है क्योंकि बैकुंठपुर विधानसभा में पिछड़ा वर्ग समाज निर्णायक स्थिति में है। पिछड़ा वर्ग विभाग जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने उपरांत से ही अनिल जायसवाल का दौरा कार्यक्रम जारी है। अनिल जायसवाल को लेकर यह भी माना जा रहा है कि उनका कांग्रेस पार्टी में ऊपर तक पकड़ है और वह राजनीति के माहिर खिलाड़ी भी हैं और वह सोच समझकर ही निर्णय लेते हैं और इसबार भी उनकी रणनीति सोची समझी हुई है ऐसा माना जा रहा है कि वह पूर्ण आश्वासन के सहारे ही चुनाव की तैयारी में हैं। अनिल जायसवाल के दौरे को लेकर लोग भी आश्चर्यचकित हैं कि आखिर इन्हें इतना बड़ा आश्वासन किसने और कब दिया जिस पर यह अस्वस्थ होकर इतनी तेजी से जनसंपर्क कर रहे हैं इनका लगातार जनसंपर्क सभी लोगों को चिंता में डाल रखा है यहां तक कि वर्तमान विधायक भी चिंतित नजर आ रही है।





# युवा क्लब ग्राम पंचायत पम्पापुर के सदस्यों द्वारा कलेक्टर एवं सीईओ का सम्मान किया गया

-संवाददाता-

**सूरजपुर, 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।** शिक्षक दिवस पर राजीव गांधी युवा क्लब ग्राम पंचायत पम्पापुर के सदस्यों एवं सरपंच भागवत पैकरा व युवा नेता राज गुप्ता के द्वारा कलेक्टर इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम को सहयोग प्रदान करने हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।इस दौरान मुख्य रूप से युवा नेता राज गुप्ता,बेचन साहू,अध्यक्ष मुकेश साहू,सचिव शिव साहू , बेचन साहू , मनराज पैकरा,संतोष साहू,राहुल साहू महेंद्र साहू, नवरंग साहू,गंगा साहू, निर्मल,भूलन, जिंदल,मनीजर, सतीश,गोविंदा,श्री प्रसाद,आदि उपस्थित थे।

# भारतीय संस्कृति में गुरु शिक्षक का स्थान अत्यंत गरिमापूर्णःमहापौर

-संवाददाता-

**कोरबा 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने शिक्षक दिवस के अवसर पर कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में गुरू व शिक्षक का स्थान अत्यंत गरिमापूर्ण है, शिक्षक व गुरू अपने शिष्य के जीवन को मूल्यवान बनाते हैं, उन्हें शिक्षित करते हैं, जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी को एक सुंदर आकृति देकर उसे मूल्यवान बनाता है, ठीक उसी प्रकार एक शिक्षक अपने छात्र को ज्ञान प्रदान कर उसे ऊंचा स्थान दिलाता है, उसके व्यक्तित्व में निखार लाता है। उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान करते हुए कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर आज महापौर राजकिशोर प्रसाद ने विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया, उन्हें शाल व श्रीफल भेंट किया तथा शिक्षक दिवस की अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। महापौर श्री प्रसाद ने इसके पूर्व मां सरस्वती व डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्प माला अर्पित की तथा उन्हें नमन किया। उन्होने विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए आगे कहा कि प्रदेश व देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है, वे अपने ज्ञान से देश के भविष्य का निर्माण करते है, जिस प्रकार एक पक्की नींव ही ठोस और मजबूत भवन का निर्माण करती है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक अपने छात्र के जीवन रूपी नींव को सुदृढ़ कर उस पर सफलता रूपी भवन खड़ा करने में सहायता करते हैं। महापौर श्री प्रसाद ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि वे एक शिक्षक थे, जो आगे चलकर अपनी योग्यता के बल पर भारत के राष्ट्रपति बने, उनकी इच्छा थी कि उनका जन्मदिन देशभर के शिक्षकों को याद करने के लिए मनाया जाए, शिक्षकों को सम्मानित किया जाए, इसी के परिणाम स्वरूप उनके जन्मदिन के अवसर पर हम शिक्षक दिवस मनाते हैं, देश के विकास में उनके योगदान का स्मरण करते हैं, शिक्षक बंधुओं को सम्मानित करते हैं। इस अवसर पर एल्डरमैन रामगोपाल यादव, विद्यालय के प्राचार्य विवेक लांडे, मोनू श्रीवास, जितेन्द्र कुमार चन्द्रा, इतवारी दास, नवल चौधरी, मीना गुप्ता, जितेन्द्र कुमार डडसेना, सुनीता केवट, लिखी राम केवट, रहिस खान आदि के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षकों का सम्मान

-संवाददाता-

**खड़गवां 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।** गुरू गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।

उपरोक्त पंक्तियों में शिक्षक को ईश्वर से भी बड़ा बताया गया है क्योंकि हमें ईश्वर की पहचान शिक्षक हीं करवाते हैं। कोरिया जिले का श्रेष्ठतम आवासीय विद्यालयों में से एक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया और डा.सर्व पल्ली राधाकृष्णन की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खड़गवां के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारिका प्रसाद मिश्रा जी रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यार्थियों द्वारा राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को बताया गया, तत्पश्चात कुछ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सम्मान की कड़ी में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार साहू द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को मोमेन्टो और श्री फल देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त एकलव्य विद्यालय का लगातार तीन वर्षों से कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु विषय शिक्षक अनुज कुमार, अभिषेक कुमार पाण्डेय, श्रध्दांजली गौड़, प्रिया तिवारी,अनूपा तिर्की, सरोज गुप्ता, अर्चना कश्यप, शकुंतला दास आशीष कुमार तिवारी को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारिका प्रसाद मिश्रा द्वारा मोमेन्टो और श्री फल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार साहू, अधीक्षक राम प्रसाद सिंह, अधीक्षिका रजनी तिग्गा, सहायक ग्रेड तीन विक्की पाल और श्रीत कुमार महोबिया को कुशल प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में नवनियुक्त शिक्षक दिलीप पटेल, डेविड लाल,अतिष टोप्पो और रेनू यादव को भी सम्मानित किया गया।



# अध्यक्ष बने अजय कुमार साहू

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** प्रदेश सहकारी समिति संघ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला कोरिया का सर्व कर्मचारीयों के आपसी सहमति से निम्न पदों का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर अजय कुमार साहू समिति प्रबंधक धौराटिकरा, उपाध्यक्ष पद नवल सिंह प्रबंधक माड़ीशरई एवं राजेश जायसवाल कम्प्यूटर ऑपरेटर समिति खड़गवां, संघठन महामंत्री के पद पर अखिल चंद सिंह प्रबंधक जिल्दा एवं सुरजन सिंह प्रबंधक डोड़कि, सचिव के पद पर अमरनाथ साहू प्रबंधक बैमा सह सचिव के पद पर कमलेश मरकाम प्रबंधक चैनपुर, कोषाध्यक्ष के पद पर अनूप कुशवाहा प्रबंधक पटना, मीडिया प्रभारी के पद नरेंद्र शर्मा प्रबंधक छींदडाड एवं संजय मंडल समिति तरगवां एवं रोशन श्रीवास्तव प्रबंधक जनकपुर सहित कार्यकारिणी सदस्य के रूप में समस्त कर्मचारी जिला कोरिया को रखा गया है। कार्यक्रम में समस्त कर्मचारीयों का बहुत ही अच्छा योगदान रहा और सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए।



# सियान सदन घंटाघर में लगेगा दिव्यांगजन परीक्षण शिविर




-संवाददाता-

**कोरबा 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।** मंगलवार 06 सितम्बर को नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में दिव्यांगजन परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जाएगा, यह शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित होगा। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने दिव्यांगजनबंधुओं से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होने वार्ड पार्षदों से भी आग्रह किया है कि वे अपने-अपने वार्डो में इसकी जानकारी लोगों को दें तथा इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। यहॉ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में विगत 01 सितम्बर से जिले के विभिन्न विकासखण्डों में दिव्यांगजन परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार 06 सितम्बर को नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में दिव्यांगजनबंधुओं का परीक्षण तथा पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे उक्त शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए शिविर का आयोजन करें ताकि दिव्यांगजन बंधुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए हितग्राही को आधार कार्ड, मतदाता कार्ड, राशन कार्ड, बी.पी.एल.कार्ड आदि पहचान प्रमाण पत्र तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा। इसी प्रकार हितग्राही की सभी स्त्रोतों से मासिक आय 22500 रूपये प्रतिमाह से कम होना चाहिए, हितग्राही राजस्व विभाग, सांसद, विधायक या ग्राम प्रधान के द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील दिव्यांगजन बंधुओं से की है।

# ओल्ड एज होम का शुभारंभ किया गया

-संवाददाता-

**वाड्रफनगर 05 सितम्बर 2022(घटती-घटना) ।** बलरामपुर जिले में दिल्ली से आई सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव शर्मिला परीडा के उपस्थिति में की संयुक्त सचिव शर्मिला परीडा के द्वारा आज वाड्रफनगर में स्थित वृद्ध आश्रम इंटीग्रेटेड प्रोग्राम फॉर सीनियर सिटीजन भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन प्रस्तावित योजना को मुख्यअतिथि के रूप में संयुक्त सचिव शर्मिला परीडा के उपस्थिति में उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे क्षेत्रीय अतिथियों में वाड्रफनगर नगरपंचायत उपाध्यक्ष अमित यादव , सांसद प्रतिनिधि धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी , विधायक प्रतिनिधि सुमन्त गुप्ता , जिला पंचायत सदस्य बिनोद जायसवाल , एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक पवन गुप्ता , एनएसयूआई अध्यक्ष अश्वनी यादव (बाबू ,) पार्षद - जसिंता खाखा , दिनेश दुबे , एल्डरमैन - ललिता राजवाड़े , ज्योति केरकेट्टा , संस्था के विशेष सहयोगी आशीष तिवारी , एवं सभी विभागों के विभगा अध्यक्ष भी सामिल रहे । साथ ही मंच के अध्यक्षता कर रहे शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय के प्राचार्य सुधीर सिंह जी जिनका जन्म दिवस बृद्धा आश्रम में मनाया गया एवं इनके साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक - तोयज सुक्ला , शिवनंदन सुक्ला , बलराम साहू सामिल होकर सभी आएं आतिथियो के साथ फीता काटकर बृद्धा आश्रम का शुभारंभ किए । उसके पश्चयात परख संस्था के द्वारा संचालित बृद्धा आश्रम की परियोजना प्रबंधक नेहा दास , स्टाफ में संगीता कुशवाहा , नेहा केसरी , दिब्या , सुरेश एवं संस्था के सहयोगी आर्यन शर्मा सहित संस्था के पूरी टीम ने मंच पर विराजमान सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । नेहा दास के द्वारा कार्यक्रम में आए सभी आतिथियो का आभार प्रकट किया गया । मंच का संचालन सेवा नृवित प्राचार्य हरिप्रसाद मिश्र ने किया ।



# रात में अचानक निकले पुलिस अधीक्षक श्री साहू

**रात्रि गश्त में लापरवाही बरती गई तो सीधे तौर पर थाना प्रभारी होंगे जिम्मेवार**

-संवाददाता-

**सूरजपुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** रविवार की देर रात पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू अचानक शहर में निकले। शहरी सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। उनके द्वारा रात्रि में थाना सूरजपुर, अजाक, विश्रामपुर एवं पुलिस लाईन का आकस्मिक निरीक्षण कर रात्रि गश्त का ब्यौरा लिया। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को कड़े स्वर में कहा कि रात्रि के वक्त विपरित परिस्थिति अथवा घटना-दुर्घटना होने पर रिस्पांश टाईप में पुलिस मौके पर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रात के समय में आने वाले पीड़ितों की हरसंभव मदद करें, उन्होंने रात्रि गश्त पर विशेष जोर दिया। महिलाओं, बच्चों, वृद्धजन एवं समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों पर तत्काल विधि संगत कार्रवाई करते हुए उन्हें राहत दिए जाने, इस व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने कहा। पुलिस थानों में किसी भी शिकायत अथवा घटना की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी के साथ किए जाए। औचक निरीक्षण करने निकले पुलिस अधीक्षक द्वारा कहीं भी रात्रि गश्त में कोई कमी नहीं पाई और जवानों को रात्रि गश्त पूर्ण निष्ठा व सजगता से करने हेतु उनका मनोबल बढ़ाया। सभी थाना-चौकी प्रभारियों को राउंड द क्लॉक रात्रि गश्त करने, रात में अधिकारी व जवानों को ड्यूटी पर लगाने की जवाबदेही थाना प्रभारी की है। रात्रि गश्त में लापरवाही हुई, तो सीधे तौर पर थाना-चौकी प्रभारी जिम्मेवार होंगे। पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए लगातार रात्रि गश्त तेज करने का निर्देश दिया।



पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सजगता को परखने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार की रात्रि में जिले के थाना-चौकी व पुलिस लाईन में चेक रोल कॉल किया गया। चेक रोल कॉल बजने के बाद थाना एवं थाना परिसर के आसपास रहने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सजगता के साथ तत्परतापूर्वक फौरन थाने पहुंचे, जिन जवानों ने लापरवाही बरती है उन्हें दंडित किया जायेगा।

CMYK

# कंजर्वेटिव नेतृत्व की दौड़ जीतने के बाद लिज़ ट्रस कहते हैं,ब्रिटेन की क्षमता को उजागर करने के लिए साहसिक कार्रवाई करेंगे



**लंदन [यूके], 5 सितंबर 2022।** कंजर्वेटिव नेतृत्व की दौड़ जीतने के बाद, ब्रिटिश विदेश सचिव लिज़ ट्रस ने सोमवार को कहा कि वह यूनाइटेड किंगडम की क्षमता को उजागर करने के लिए कठिन समय के माध्यम से पूरे ब्रिटेन को प्राप्त करने के लिए साहसिक कार्रवाई करेंगी।

÷मैं कंजर्वेटिव पार्टी का नेता चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे महान देश का नेतृत्व करने और देने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। मैं इन कठिन समय के माध्यम से हम सभी को प्राप्त करने के लिए साहसिक कार्रवाई करूंगा, हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाऊंगा, और यूनाइटेड किंगडम की क्षमता को उजागर करें, ÷यूके के निर्वाचित प्रधान मंत्री ने ट्वीट किया। कंजरवेटिव नेतृत्व की दौड़ जीतने के बाद लिज़ ट्रस का कहना है कि यूके की क्षमता को उजागर करने के लिए साहसिक कार्रवाई करेंगे, लिज़ ट्रस को आज कंजर्वेटिव पार्टी के नए प्रमुख के रूप में घोषित किया गया था। सैंतालीस वर्षीय

लिज़ ट्रस ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनेंगी। उन्होंने सभी कंजर्वेटिव सदस्यों के डाक मतपत्र के माध्यम से

राजकोष के पूर्व चांसलर ऋषि सनक को हराया। ट्रस को 81,326 वोट मिले जबकि सुनक को 60,399 वोट मिले।

÷मैं कंजर्वेटिव पार्टी का नेता चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे महान देश का नेतृत्व करने और देने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। मैं इन कठिन समय के माध्यम से हम सभी को प्राप्त करने के लिए साहसिक कार्रवाई करूंगा, हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाऊंगा, और यूनाइटेड किंगडम की क्षमता को उजागर करें, ÷ट्रस ने ट्विटर पर लिखा।

कैबिनेट सदस्यों के इस्तीफे की एक श्रृंखला के बाद बोरिस जॉनसन को 7 जुलाई को पद छोड़ने के लिए मजबूर होने के बाद टोरी नेतृत्व की दौड़ शुरू हो गई थी, जिन्होंने अपने घोटाले से पीड़ित नेतृत्व का विरोध किया था।

ब्रिटेन के प्रधान मंत्री के पद के लिए प्रतियोगिता के फाइनलिस्ट के रूप में समाप्त होने के लिए ऋषि सनक और लिज़ ट्रस कंजर्वेटिव रैंक तक पहुंचे।

लगभग एक दर्जन चुनाव के दौरान और छह सप्ताह की लंबी आमने-सामने की प्रतियोगिता के बाद, लिज़ ट्रस और ऋषि सनक ने ब्रिटेन के लिए अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बारे में बताया था। दोनों दावेदार उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में पहली बाउट के साथ 12 राष्ट्रव्यापी मुकाबलों से गुज़रे।

ट्रस ने संकेत दिया कि वह ÷वामपंथियों की पहचान की राजनीति÷ के खिलाफ दृढ़ता से पीछे हटेंगी क्योंकि उन्होंने घरेलू हिंसा आश्रयों जैसे एकल-सेक्स स्थानों के लिए कानून की कल्पना की है। सनक ने देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए वैट में कटौती की वकालत की।

भारत-ब्रिटेन के भविष्य के संबंधों के लिए रोडमैप 2030 को पिछले साल मई में दोनों देशों के बीच एक आभासी शिखर सम्मेलन के दौरान लॉन्च किया गया था। यह रोडमैप लोगों के बीच पुनर्जीवित और गतिशील कनेक्शन, फिर से सक्रिय व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए है।

इस वर्ष अपनी भारत यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ ट्रस ने रोडमैप 2030 के संबंध में अब तक हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और व्यापार और निवेश, रक्षा,

दोनों पक्षों ने भारत-यूके एफटीए वार्ता में हुई पर्याप्त प्रगति की सराहना की, जिसके दो उत्पादक दौर जनवरी 2022 में शुरू होने के बाद से पूरे हुए।

## काबुल में रूसी दूतावास के पास विस्फोट की सूचना



**काबुल, 5 सितंबर 2022।** स्थानीय मीडिया ने बताया कि सोमवार को काबुल शहर के दक्षिण-पश्चिम में रूसी दूतावास के पास एक विस्फोट की आवाज सुनी गई। खामा प्रेस ने बताया कि धमाका आज सुबह करीब 11 बजे रूसी दूतावास के पास दारुलामन रोड पर हुआ। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रकाशन ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने अभी तक इस बारे में कुछ नहीं कहा है। इसमें कहा गया है कि विस्फोट की प्रकृति और मरने वालों की संख्या के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया है। इस बीच, अफगानिस्तान के हेरात में आत्मघाती बम विस्फोट, जिसमें बीस लोगों की मौत हो गई, ने दुनिया भर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

टोलो न्यूज ने बताया कि अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत थॉमस वेस्ट, यूएनएएमए और ईरान और पाकिस्तान के विदेश मंत्रालयों ने इस घटना की निंदा की और अफगानिस्तान में पूजा स्थलों पर घातक हमलों को समाप्त करने का आह्वान किया।

अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत ने हेरात गुजरगाह मस्जिद विस्फोट में मारे गए या घायल हुए पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के कृत्य की भी निंदा की।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी आत्मघाती हमले की निंदा की है।

खमा प्रेस ने तालिबान द्वारा चलाए जा रहे अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि हेरात शहर में गुजरगाह मस्जिद पर दोपहर करीब 12ः40 बजे (स्थानीय समयानुसार) बमबारी की गई।

तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा कि नमाज का नेतृत्व करने वाले मौलवी मुजीब रहमान अंसारी की मौत ÷धर्म के दुश्मनों÷ द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले के रूप में की गई थी।

मुजाहिद ने कहा कि तालिबान विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करेगा। उन्होंने किसी विशेष समूह को दोष नहीं दिया लेकिन तालिबान इस्लामिक स्टेट-खुरासान आतंकी समूह से लड़ रहा है, जो धार्मिक सभाओं और गश्ती दल को निशाना बनाता रहा है। खामा प्रेस ने बताया कि मारे गए मौलवी एक कट्टरपंथी थे, जिन्होंने विद्रोहियों का सिर कलम करने, मिलावट करने वालों को पत्थर मारने और चोरों के हाथ काटने की वकालत की थी। मुजाहिद ने एक साहसी धार्मिक विद्वान के रूप में उनकी प्रशंसा की।



## भारतीय सेना प्रमुख ने नेपाली समकक्ष को गैर-घातक सैन्य उपकरण सौंपे

**काठमांडू [नेपाल], 5 सितंबर 2022।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को काठमांडू में अपने नेपाली समकक्ष जनरल प्रभु राम शर्मा को विभिन्न गैर-घातक सैन्य उपकरण सौंपे। इससे पहले दिन में, भारतीय सेना प्रमुख ने सेना मुख्यालय में नेपाल के थल सेनाध्यक्ष से मुलाकात की।

भारतीय सेना प्रमुख मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाने और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए नेपाल में हैं।

भारतीय सेना ने ट्वीट किया, ÷जनरल मनोज पांडे #COAS #नेपाल की चार दिवसीय यात्रा पर आगे बढ़े। यह यात्रा मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाने और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।÷

सेनाध्यक्ष (सीओएएस) के रूप में जनरल पांडे की नेपाल की यह पहली यात्रा है। दोनों सेनाओं के बीच दोस्ती की परंपरा को जारी रखते हुए, भारतीय सेना प्रमुख को नेपाल के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास, सीतल निवास में 5 सितंबर, 2022 को एक समारोह में नेपाल सेना के जनरल के मानद पद से सम्मानित किया जाएगा।

## पाक सेना ने नए सेना प्रमुख की नियुक्ति पर टिप्पणी के लिए इमरान खान पर पलटवार किया



**इस्लामाबाद , 5 सितंबर 2022।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान द्वारा नए सेना प्रमुख की नियुक्ति पर टिप्पणी को ÷सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक÷ बताते हुए, पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को विवाद पैदा करने के प्रयास के लिए उन्हें नारा दिया, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है।

यह तब आता है जब इमरान खान ने फैसलाबाद में एक पार्टी की सभा के दौरान अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार ÷अपनी पसंद के सेना प्रमुख को नियुक्त करने÷ के लिए चुनाव रोक रही है, देश के स्थानीय मीडिया आउटलेट एआरवाई न्यूज की सूचना दी। इमरान खान द्वारा ÷अपमानजनक और अवांछित÷ टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी सेना

मीडिया आउटलेट ने सेना के मीडिया विंग के हवाले से कहा, ÷अफसोस की बात है कि ऐसे समय में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ नेतृत्व को बदनाम करने और कमजोर करने का प्रयास किया गया है, जब संस्था हर दिन पाकिस्तान के लोगों की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए जान दे रही है।÷ पाकिस्तानी सेना ने टिप्पणी पर निराशा व्यक्त की और कहा कि पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व केवल पाकिस्तानी सेना

के अगले सेनाध्यक्ष (सीओएएस) की नियुक्ति पर विवादों को भड़काने की कोशिश कर रहा है । आईएसपीआर ने नोट किया कि अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति की प्रक्रिया संविधान में बहुत अच्छी तरह से परिभाषित है। इसमें कहा गया है, ÷सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के पास अपनी देशभक्ति और पेशेवर साख को किसी भी संदेह से परे साबित करने के लिए दशकों पुरानी त्रुटिहीन मेधावी सेवा है।÷

आईएसपीआर ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ नेतृत्व का राजनीतिकरण करना और सीओएएस के चयन की प्रक्रिया को बदनाम करना न तो पाकिस्तान राज्य के हित में है और न ही संस्थान के। मीडिया पोर्टल के अनुसार, बयान में कहा गया है, ÷ पाकिस्तानी सेना इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के संविधान को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है।÷

यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि खान ने अपनी रैली के दौरान कहा कि केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं और सरकार ऐसा करने से भाग रही है क्योंकि वे ÷नवंबर में अपनी पसंद का एक सेना प्रमुख स्थापित करना चाहते हैं।

## जयशंकर,ईरानी विदेश मंत्री ने फोन पर परमाणु समझौते पर चर्चा की



**तेहरान, 5 सितंबर 2022।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरानी समकक्ष एच अमीरबदुल्लाहियन ने रविवार को टेलीफोन पर बातचीत में परमाणु समझौते और संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमीरबदोल्लाहियान ने देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की ओर से भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने अपनी हाल की भारत यात्रा के परिणाम को संतोषजनक बताते हुए तेहरान और नई दिल्ली के बीच बढ़ते संबंधों की ओर इशारा किया। विदेश मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि ईरान आधिकारिक यात्रा के दौरान हुए समझौतों को लागू करने के लिए तैयार है। ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में आगे कहा गया है कि देश भारत के साथ संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठकों का एक नया दौर आयोजित करने के लिए भी तैयार है। अन्य टिप्पणियों में, अमीरबदुल्लाहियन ने भारतीय विदेश मंत्री को प्रतिबंध हटाने की वार्ता की नवीनतम स्थिति के बारे में जानकारी दी और ईरान और अन्य पक्षों के विचारों को एक साथ लाने के प्रयासों के लिए भारत को धन्यवाद दिया।

## डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए क्षेत्रीय समिति का 75वां सत्र भूटान में शुरू



**पारो, 5 सितंबर 2022।** डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए क्षेत्रीय समिति का पचहत्तरवां सत्र सोमवार को भूटान में शुरू हुआ, जिसमें स्वास्थ्य नेताओं ने चल रहे सीओवीआईडी महामारी से निरंतर प्रयासों और स्थायी वसूली पर जोर दिया।

उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, भूटान की शाही सरकार के प्रधान मंत्री, लोटे शेरिंग ने कहा, ÷हमारे लिए यह जानने के लिए पर्याप्त सबक हैं कि हम इसके बाद स्वास्थ्य में अधिक निवेश किए बिना नहीं कर सकते। हमारी स्वास्थ्य प्रणाली अधिक लचीला और सुलभ होनी चाहिए। और सामूहिक कार्रवाई होनी चाहिए।÷

उन्होंने कहा, ÷स्वास्थ्य क्षेत्र स्वयं सुधार के लिए बाध्य है, हमारे लोगों का स्वास्थ्य सभी सुधार पहलों को सफल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। यही कारण है कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में क्षेत्रीय समिति की बैठक हमारे लिए बहुत मायने रखती है।÷ .

प्रधान मंत्री ने कहा, ÷महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने बार-बार हमें खुद को रीसेट करने के लिए महामारी का उपयोग करने के लिए याद दिलाया है ताकि महामारी के बाद का रास्ता हमारे लिए सचमुच नया हो। इसलिए, भूटान सभी सार्वजनिक क्षेत्रों में ऐतिहासिक सुधार के दौर से गुजर रहा है।÷

भूटान के स्वास्थ्य मंत्री डेचेन वांगमो ने कहा, ÷महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य विकास के लिए केंद्रीय है। क्षेत्रीय समिति हमें समान गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं और प्रणालियों में तेजी लाने और बढ़ाने के लिए रणनीतियों और हस्तक्षेपों पर पुनर्विचार करने, फिर से डिजाइन करने और फिर से लिखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। क्षेत्र।÷ एक आभासी संबोधन में, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक, टेड्रोस अदनोम घेबियस ने कहा कि महामारी ने हमें सिखाया है कि स्वास्थ्य पृथ्वी पर सबसे कीमती वस्तु है जिसे पोषित किया जाना चाहिए और हर दिन के लिए लड़ना चाहिए।

÷महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। वायरस अभी भी घूम रहा है और अभी भी बदल रहा है। अगर महामारी ने हमें और कुछ नहीं सिखाया है, तो इसने हमें सिखाया है कि स्वास्थ्य पृथ्वी पर सबसे कीमती वस्तु है। एक वस्तु जिसे पोषित, बेशकीमती और लड़ा जाना चाहिए हर दिन के लिए। विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए एक विलासिता के रूप में नहीं, बल्कि एक मौलिक मानव अधिकार के रूप में। ÷कैसे हम, एक क्षेत्र के रूप में, COVID-19 संकट से उबरने के लिए चुनते हैं , यह निर्धारित करेगा कि हम अपनी कई सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धियों की रक्षा कैसे करते हैं, अपनी पोलियो मुक्त स्थिति को बनाए रखने से लेकर हझ्रष्ठह्य और अन्य बीमारियों को खत्म करने के लिए जारी रखने के लिए, जो उन्मूलन के कगार पर हैं। यह लिम्फैटिक फाइलेरिया, काला-अजार, ट्रेकोमा या मलेरिया है, ÷क्षेत्रीय निदेशक, डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया , पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा।

÷बहुत कुछ दांव पर है और बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि हम अभी क्या निर्णय लेते हैं, और आने वाले हफ्तों और महीनों में,÷ उसने कहा।

क्षेत्रीय निदेशक ने COVID-19 प्रतिक्रिया के दौरान सदस्य देशों की उनके लचीलेपन और एकजुटता के लिए सराहना की, ÷जो यह परिभाषित करना जारी रखना चाहिए कि हम एक क्षेत्र के रूप में तीव्र सार्वजनिक स्वास्थ्य घटनाओं के लिए कैसे तैयारी करते हैं, रोकथाम करते हैं, प्रतिक्रिया करते हैं और ठीक होते हैं÷।

## पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ के बीच भी यौन शिकारी बच्चों का शिकार करते हैं



**इस्लामाबाद, 5 सितंबर 2022।** पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ के बीच भी लड़कियों सहित छोटे बच्चे सुरक्षित नहीं हैं , क्योंकि मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि उनका अपहरण, बलात्कार और यौन शोषण किया जा रहा है। द सिंगापुर पोस्ट के मुताबिक, सिंध प्रांत में खाना मांग रही एक लड़की का अपहरण कर एक कमरे में बंद कर दिया गया और कई दिनों तक उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। मामला तब सामने आया जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे पुलिस को दोषियों को पकड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। हाल ही में, एक 10 वर्षीय लड़की के साथ भी इसी तरह बलात्कार किया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी और उसके नृशंस शरीर को लाहौर के एक निजी स्विमिंग पूल में तैरते हुए छोड़ दिया गया था, रिपोर्टों के अनुसार। सिंध के उमरकोट इलाके में 29 अगस्त को एक और आठ साल की बच्ची के साथ बेरहमी से सामूहिक बलात्कार किया गया और उसके बाद उसकी आंखें निकाल ली गई.

आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए, द सिंगापुर पोस्ट ने बताया कि पाकिस्तान में हर दिन 10 से अधिक बच्चे बड़े पैमाने पर बाल शोषण का शिकार होते हैं । यह आंकड़ा 2020 के आंकड़े से कम से कम 30 फीसदी अधिक है, जो बच्चों को शिकारियों से बचाने में राज्य की विफलता का स्पष्ट संकेत है ।

# भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे को नेपाल सेना जनरल का मानद पद प्रदान किया गया

**काठमांडू, 5 सितंबर 2022।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को सोमवार को काठमांडू में नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी द्वारा नेपाली सेना के मानद जनरल की उपाधि से सम्मानित किया गया।

नेपाल की राजधानी में राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास %शीतल निवास% में एक विशेष समारोह में जनरल पांडे को उनकी हिमालयी राष्ट्र की चल रही यात्रा के दौरान सम्मानित किया गया। ÷भारतीय सेना के सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे को 5 सितंबर 2022 को नेपाल की राष्ट्रपति माननीय श्रीमती विद्या देवी भंडारी द्वारा नेपाली सेना के मानद जनरल की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। काठमांडू में राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास %शीतल निवास%

समारोह के दौरान उन्हें एक तलवार और स्क्रॉल भी भेंट किया गया ।

केएम करियप्पा 1950 में उपाधि से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय सेना प्रमुख थे। पिछले साल नवंबर में, नेपाली सेना के प्रमुख, जनरल प्रभु राम शर्मा को भी राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा भारतीय सेना का मानद जनरल बनाया गया था। नई दिल्ली में समारोह।



समारोह के बाद जनरल मनोज पांडे ने नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से मुलाकात की। कॉल ऑन के दौरान, जनरल मनोज पांडे ने उन्हें दिए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

इससे पहले दिन में, एक गंभीर समारोह में, जनरल मनोज पांडे ने काठमांडू के टुंडीखेल में सेना मंडप में बीर स्मारक (शहीद स्मारक) पर पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी । इसके बाद, उन्होंने नेपाली सेना मुख्यालय का दौरा किया जहां उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद उनके समकक्ष जनरल प्रभु राम शर्मा के साथ बैठक हुई, जिसमें दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने लंबे समय से चले आ रहे सेना-सेना संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। नेपाली सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उन्हें विस्तृत जानकारी दी।

भारत सरकार की ओर से, जनरल मनोज पांडे ने हल्के वाहनों के साथ नेपाली सेना को प्रशिक्षण उपकरण प्रदान किए जो नेपाली सेना के जवानों की क्षमताओं को बढ़ाएंगे।

जनरल मनोज पांडे , नेपाली सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, जनरल प्रभु राम शर्मा के निमंत्रण पर, नेपाल की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए, 4 सितंबर को काठमांडू पहुंचे ।

# विधायक के साथ जीएम के घर का पाइप काटा तब क्यों नहीं हुआ था ब्लॉक अध्यक्ष का तबादला?

» विधायक व ब्लॉक अध्यक्ष के बीच तकरार है स्थानांतरण की वजह?

» चिरमिरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का तबादला,चिरमिरी जिला बनाओ संघर्ष समिति को समर्थन देने का मिला ईनाम।

» विधायक के कहने पर हुआ तबादला, ऐसा कहना गलत नहीं होगा, विधायक से लगातार बनाते चले आ रहे थे दूरी।

**» एसईसीएल में कार्यरत हैं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चिरमिरी,वर्तमान में चिरमिरी में ही थे पदस्थ।**

**» क्या विधायक से दूरी और चिरमिरी जिला बनाओ संघर्ष समिति के साथ नजर आने की वजह से हुआ तबादला।**

**» आखिर कितनों को विधायक करेंगे चिरमिरी से दूर,चिरमिरी वैसे भी पलायन का दंश रहा झेल।**

**» जिला बनाओ संघर्ष समिति से जुड़े हर व्यक्ति को क्या मनेंद्रगढ़ विधायक भेजेंगे चिरमिरी से बाहर।**

**» चुनाव अब नजदीक, क्या चिरमिरी के अस्तित्व से लड़ रहे चिरमिरी वासियों से विधायक करेंगे ऐसा ही व्यवहार।**

Prakash Tripathi is with Chandan Gupta and 2 others.
5 m ·

चिरमिरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष Subhash Kashyap का स्थानांतरण चिरमिरी से रानी अटारी कोरबा कर दिया गया है।

वो SECL कर्मी भी हैं।

पिछले कुछ महीनों से वो नगरनिगम की कार्यशैली को लेकर लगातार विरोध दर्ज करवा रहे थे।

उन्होंने दल बल सहित चक्का जाम में हिस्सा लिया खुलकर बयानबाजी भी की थी।

विरोध को इस तरह दबाने से वो नहीं दबेगा बल्कि और अधिक मजबूती से उभर कर सामने आता है।

माटीपुत्र गैंग को इतनी छोटी सी बात समझ नहीं आती।।






-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
चिरमिरी एसईसीएल में कार्यरत एवम चिरमिरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का तबादला रानी अटारी खदान के लिए कर दिया गया है। चिरमिरी जिला बनाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर आयोजित धरना प्रदर्शन एवम चक्काजाम कार्यक्रम में शामिल होकर चिरमिरी को जिला बनाए जाने की मांग का समर्थन करने पर यह तबादला कराया गया है ऐसा माना जा रहा है और साथ ही मनेंद्रगढ़ विधायक से उनकी लगातर बढ़ रही दूरी भी इसकी वजह मानी जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का तबादला रानी अटारी कालरी के लीये किया गया है और यह चिरमिरी से लगभग 70 किमी की दूरी पर स्थित है जहां आने जाने में ही समय व्यतीत हो जाएगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का और उनका राजनीतिक अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और राजनीतिक रूप से उनका अस्तित्व समाप्त करने के लिए ही ऐसा किया गया है ऐसा माना जा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है क्या विधायक उन्हीं का समर्थन करेंगे जो उनके साथ उनकी बात में अपना सर हिलाता रहेगा, गलत करना है करो...अवैध कारोबार करना है करो...जो करना है करो पर...विधायक का विरोध मत करो....विधायक हर काम की अनुमति देंगे पर उनका विरोध करने की अनुमति किसी को नहीं है...क्या ऐसा चल रहा मनेंद्रगढ़ विधानसभा मे?

### चक्काजाम आंदोलन में शामिल होना भी है तबादले की वजह

माना जा रहा है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का तबादला इसलिए भी किया गया है क्योंकि वह चिरमिरी में जिला मुख्यालय बनाये जाने को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में आयोजित चक्काजाम कार्यक्रम में शामिल हुए थे और खुलेआम उन्होंने इसका समर्थन किया था जिसकी वजह से विधायक नाराज थे और इसी वजह से उनका तबादला किया गया।

### विधायक से लगातार दूरी भी बनी तबादले की वजह

यह भी बताया जा रहा है कि तबादले की एक वजह उनकी विधायक से लगातार बढ़ रही दूरी भी है। मनेंद्रगढ़ विधायक के कभी खास रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का वर्तमान में मनेंद्रगढ़ विधायक से दूरी बनी हुई है और यह भी एक वजह तबादले की मानी जा रही है।

### विधायक के साथ जीएम आवास का पाइप लाइन काटने पर नहीं हुई थी कोई कार्यवाही

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चिरमिरी जब विधायक के करीबी थे और उन्होंने जब विधायक के साथ जाकर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान जीएम आवास का पाइप लाइन काटा था तब उनके ऊपर कोई विभागीय कार्यवाही नहीं हुई थी,क्योंकि उस समय उनके ऊपर विधायक का हांथ था,अब जब उनका साथ विधायक से छूट सा चुका है उनका तबादला कर दिया गया है, इसे विधायक की ही नाराजगी से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

### क्या जिला बनाओ संघर्ष समिति से जुड़े सभी को चिरमिरी से बाहर भेजेंगे विधायक,बड़ा सवाल

मनेंद्रगढ़ विधायक जिला बनाओ संघर्ष समिति से जुड़े सभी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की ही तरह चिरमिरी से बाहर भेजेंगे यह सवाल अब उठ रहा है,वैसे भी पलायन का एवम अस्थिरता का दंश झेल रहे चिरमिरी में यदि उसके हक़ की आवाज उठाने वाली आवाज को यदि ऐसे ही दबाया जाता रहा तब चिरमिरी का भविष्य अंधकारमय ही रहेगा यह भी कहा जा रहा है। वैसे विधायक अब किसको किसको चिरमिरी से बाहर का रास्ता दिखाएंगे यह आने वाले समय मे पता चलेगा।

### चिरमिरी को ट्विन सिटी का सब्जबाग दिखाने वाले मनेंद्रगढ़ विधायक की वैसे भी मुख्यालय की स्थापना में नहीं चली

जब मनेंद्रगढ़ नवीन जिले की घोषणा हुई तब मनेंद्रगढ़ विधायक ने चिरमिरी वासियों को ट्विन सिटी का सब्जबाग दिखाया था लेकिन अब जब जिला मुख्यालय की स्थापना हो रही है और मुख्यालय सहित सभी कार्यालयों की स्थापना में भरतपुर सोनहत विधायक की चलते देखा जा रहा है यह तय हो गया मनेंद्रगढ़ विधायक की इस मामले में बिल्कुल भी नहीं चली,सभी कुछ भरतपुर सोनहत विधायक तय कर रहे हैं और उन्ही की मंशा अनुरूप जिले का गठन हो भी रहा है जो सामने से नजर भी आ रहा है।

### एमसीबी में चिरमिरी नाम शामिल करके ही चिरमिरी को संतुष्ट करने में लगे हैं मनेंद्रगढ़ विधायक

नवीन जिला एमसीबी में चिरमिरी का नाम मात्र शामिल करके ही मनेंद्रगढ़ विधायक चिरमिरी को संतुष्ट करने की कोशिश में लगे हुए हैं,चिरमिरी में यदि जिला मुख्यालय नहीं तो कम से कम जिला चिकित्सालय, जिला न्यायालय सहित जिले के अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय चिरमिरी में यदि स्थापित होते हैं तभी जरा सा न्याय चिरमिरी के साथ होता नजर आएगा, वैसे यह भी संभव होगा लगता नहीं है।

### मनेंद्रगढ़ विधायक के पास चिरमिरी को समझाने कोई युक्ति नहीं

जिला मुख्यालय की मांग कर रहे चिरमिरी वासियों को मनाने मनेंद्रगढ़ विधायक के पास कोई युक्ति नहीं है यह साफ नजर आने लगा है इसीलिए वह अब तबादले का सहारा ले रहे है। और जो भी चिरमिरी की हक़ की बात का रहा है उसे बाहर भेजने का उपाय कर रहें हैं जबकि जब वह चुनाव पूर्व अपनी घोषणाओं को लेकर जनता के सामने आए थे तो उन्होंने चिरमिरी को लेकर कई वादे किए थे जिसमें से बहोत अभी अधूरे हैं।

### चुनाव नजदीक,क्या तबादला कराकर विधायक पाएंगे विजयश्री

आने वाला वर्ष चुनावी वर्ष होगा,चिरमिरी को जिला मुख्यालय नहीं बनाए जाने जे चिरमिरी वासी नाराज हैं और जो चिरमिरी की हक़ की लड़ाई में सामने आ रहा है उसको चिरमिरी से बाहर किया जा रहा है,ताजा उदाहरण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का ही है,अब क्या इसी युक्ति से विधायक चुनाव जीतेंगे यह सोचने वाली बात है।

# सरगुजा में घटी घटना पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने की कड़ी निन्दा

**सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव उक्त मामले को लेकर कोरिया आगमन पर भाजपा नेता एंव नेता प्रतिपक्ष को सौपा ज्ञापन**

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
संभाग के सभी शासकीय विद्यालयों में लिखे गए बाल-देव-भव- का किस तरह शिक्षा विभाग धज्जियां उड़ा रहा है, यह मौजूदा सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी से बेहतर भला और कौन जान सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जिले में और किसी को बेहतर शिक्षक शायद नहीं मानते हैं इसलिए 22 जुलाई 2022 को जिले से ऐसे शिक्षक का नाम राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामांकित किया जाता है जिनके कार्यकाल में दो दो बार बच्चियों के साथ छेड़ छाड़ की घटना को अंजाम दिया जाता है, शायद मौजूदा जिला शिक्षा अधिकारी ऐसे शिक्षकों को ही बेहतर मानते हैं।
समाजसेवी और आरटीआई एक्टिविस्ट अभिनव पी द्विवेदी ने जिले प्रवास पर आए नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को पत्र सौंप कर आवश्यक कार्यवाही की मांग करते हुए बतया की मैं एक समाजसेवी हूँ इस ममाले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव शिक्षा विभाग सहित तमाम आला अफसरों को पत्र पहले ही प्रेषित कर दी है। सरगुजा में आदिवासी नाबालिग बच्ची के साथ घटी घटना पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने की कड़ी निन्दा की है, श्री द्विवेदी का कहना है की सरगुजा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के गृह जिले में पदस्थापना को भी लेकर सवाल उठने लगे हैं, सरगुजा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कलकत्ता में भी पदस्थापना के दौरान अधिवक्ताओं से बहस के बाद निलंबन किए जाने की चर्चा सुर्खियों में, पीड़ित बच्ची के अभिभावक ने कहा सरगुजा पुलिस अधीक्षक ने हमें मीडिया में स्टेटमेंट देने से किया है मना, पुलिस कप्तान के द्वारा आदिवासी होने पर एस्ट्रोसिटी एक्ट का ना जोड़ा जाना, पुलिस कप्तान सहित पुलीसिया कार्यवाही पर सवाल उठ रहे, सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रकरण में कलेक्टर सरगुजा को ग़लत जांच प्रतिवेदन देकर प्रकरण का रुख बदल दोषियों को दिया गया पूर्णतः संरक्षण, जिस प्रभारी प्राचार्य के कार्यकाल में दो दो बार घटी छेड़ छाड़ की घटना, जिला शिक्षा अधिकारी ने भेजा राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामांकन, योग्य शिक्षकों के मुंह पर जड़ा गया जमकर तमाचा, शिक्षा व्यवस्था पर उठने लगे तमाम तरह के सवाल, सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और तमाम बड़े अफसरों को भेजा निष्पक्ष कार्यवाही और पीड़ित को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है, समूचे देश में आदिवासी बाहुल्य राज्य के नाम से प्रसिद्ध छतीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों के साथ उन्हीं के ब्यूरोक्रेट्स किस तरह अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं,यह सरगुजा जिले के एक गांव से देखा जा सकता है। सरगुजा जिले के एक गांव के नाबालिग बच्ची के साथ दिनांक 22 जुलाई 2022 को शासकीय शाला के शिक्षक के द्वारा



बच्ची को लायब्रेरी में बुलाकर हांथ पकड़ना और बच्ची के पीठ में हांथ मसलना जैसे घटना को अंजाम दिया गया है। जब पीड़ित बच्ची ने इसकी जानकारी अपने सहेली को दी तो उन दोनों ने इसकी जानकारी एक अन्य सहेली को दी जिस पर तीनों शाला की प्रभारी प्राचार्य के पास गई और उन्हें पूरे घटना की जानकारी दी गई, जिस पर प्रभारी प्राचार्य यह कर मामले को टाल मटोल किया गया कि जाओ अब से ऐसा नहीं होगा। प्रभारी प्राचार्य के द्वारा अगले दिन अवकाश के उपरांत दोपहर तीन बजे शाला में पढ़ने वाले अन्य बच्चों सहित पीड़ित बच्ची को बुलवाकर दोषी शिक्षक के संबंध में लिखवाया गया। जब समाजसेवी अभिनव पी द्विवेदी ने धरातल पर जाकर पीड़ित बच्ची और उसके पिता से पूरे घटनाक्रम की सच्चाई को खंगालने का प्रयास किया गया तो पीड़ित बच्ची ने अपने साथ हुए घटना की जानकारी आफ कैमरे में दी पर पीड़ित बच्ची के पिता ने यह कहा कि एसपी भावना गुप्ता ने मना किया है कि कोई भी मीडिया वाले आए, स्टेटमेंट मत देना, बच्ची के भविष्य का सवाल है, जिस कारण से कैमरे में किसी ने भी अपना स्टेटमेंट नहीं दिया। पीड़ित बच्ची और ग्रामीण जन जब दिनांक 24 जुलाई 2022 को पुलिस को सूचना देने के उपरांत गांव में पुलिस के पहुंचने और पीड़ितों को रात्रि दो बजे तक कोतवाली थाने में बैठाए जाने तक प्राथमिकी दर्ज होने से जब जिले के आदिवासी थाने में जाने के बाद वहां भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक सरगुजा स्वयं लगभग ढाई घंटे तक पीड़ित बच्चियों से पूछ तांछ की उसके बाद लगभग शाम पांच बजे के बाद कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। घटती-घटना इस लेख पुष्टि नहीं करता यह लेख समाजसेवी और आरटीआई एक्टिविस्ट अभिनव पी द्विवेदी के द्वारा तैयार किया गया है और उसी के जनकारी के अनुसार इस से प्रकाशित किया जा रहा है।

### नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए

नारायण चंदेल भाजपा नेता एंव नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने कहा की छत्तीसगढ़ में जिस तरह से आए दिन बच्चियों के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया जा रहा है, हम उसकी कड़ी निन्दा करते हैं और मौजूदा भूपेश सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था में विफल सरकार है, ऐसी सरकार के विरुद्ध महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके।

**सवाल अब यह है कि-**

जब पीड़ित बच्ची आदिवासी हैं तो घटना में पुलिस कप्तान की मौजूदगी में एस्ट्रो सिटी एक्ट क्यों नहीं लगाया गया,क्यों एस्ट्रो सिटी एक्ट से दोषी को बचाया गया?
जिम्मेदार महिला और जिले की पुलिस कप्तान आखिर पीड़ित बच्ची के अभिभावक को मीडिया में स्टेटमेंट देने से क्यों मना की?
जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा ने घटना में क्या जांच की और दोषी शिक्षक सहित संस्था की प्रभारी प्राचार्य पर क्या कार्यवाही की,और अगर अब तक नहीं हुई तो क्यों नहीं हुई? कहीं मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा?
कलेक्टर सरगुजा के निर्देशन में बनी जांच कमेटी में जिला शिक्षा अधिकारी ने ऐसी कौन सी जांच की जिससे राज्यपाल पुरस्कार विजेता जैसे योग्य शिक्षकों सहित अन्य का सलग्नीकरण किया गया?



# प्रधान पाठक मेराज उद्दीन खान को मिला राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित**

-संवाददाता-
**प्रतापपुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
सूरजपुर जिले के 2 शिक्षकों को आज राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार से नवाजा जाएगा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल अनसुईया उईके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहें जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के जनपद पंचायत प्रतापपुर के निवासी प्रधान पाठक मेराजुद्दीन खान और सहायक शिक्षक एलबी मीना राजवाड़े को राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा इस पुरस्कार मिलने पर दोनों शिक्षकों के परिवार के लोगों में हर्ष व्याप्त है

# प्रतापपुर सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

-संवाददाता-
**प्रतापपुर 05 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
विभिन्न 13 सूत्रीय मांगों के लिए सरपंच और पंचगण प्रयासरत हैं। पिछले दिनों राजधानी रायपुर में प्रदेश भर के सरपंचों ने सरपंच संघ के बैनर तले अपनी आवाज बुलंद की। उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। मांगों के संबंध में शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है प्रतापपुर अनुविभाग मुख्यालय पहुंचकर सरपंचों ने एसडीएम दीपिका नेताम को ज्ञापन सौंपकर मांगों के संबंध में सद्भावना पूर्वक विचार हेतु अग्रेषित करने आग्रह किया। सरपंचों की मांग है कि सरपंचों एवं पंचों का मानदेय 20 हजार व 5 हजार रुपए किया जाए। सरपंचों को पेंशन 10 हजार दिया जाए। 50 लाख राशि तक के सभी कार्यों में एजेंसी पंचायत को बनाया जाए। सरपंच निधि के तौर पर 10 लाख रुपए दिया जाए। नक्सलियों द्वारा सरपंचों को मारे जाने पर 20 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए। 15वें वित्त की राशि अन्य मद में अभिषरण न किया जाए। इस राशि को जनपद व जिला सदस्य द्वारा अपने ही क्षेत्र में दिया जाए। नरेगा सामग्री की राशि का भुगतान हर तीन महीने में किया जाए व नरेगा निर्माण कार्य में 40 प्रतिशत अग्रिम राशि दिया जाए। सरपंचों व पंचों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाया जाए। ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास की राशि को दो लाख करते हुए तत्काल राशि जारी किया जाए। सरपंचों के अविश्वास प्रस्ताव अधिनियम व धारा 40में संशोधन करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न पंचायतों के सरपंच व पंचगण उपस्थित रहे। इस दौरान सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष व राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संभाग अधयक्ष त्रिभुवन सिह सिंह टेकाम धरमपुर सरपंच शिवपाल सिह मदननगर सरपंच बाबूलाल दवंनकरा सरपंच अमरजीत सिंह दूरती सरपंच जगमोहन सिह गोरगी सरपंच शयाम लाल शहीद सरपंच संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे।




**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

एसईसीएल/भट/जग0/रोजगार/2022/836

**सूचना**

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु भू-अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजगार देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में चउरा, जगन्नाथपुर ग्राम की भूस्वामी एवं उनके आश्रित द्वारा रोजगार हेतु प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में उनके स्वयं/माता-पिता/आश्रितों के नाम में अंतर है तथा दस्तावेजों जैसे-बी1, पंचशाला, ऋण पुस्तिका, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पत्रक-5, पत्रक-6 में विभिन्न नाम दर्ज है। तत्सम्बंध में भूस्वामियों एवं प्रस्तावित व्यक्तियों द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है-

| ग्राम | खसरा नं0 | धारा 9(1) के समय भूस्वामी का नाम | वर्तमान भूस्वामी के विभिन्न नाम | वर्तमान भूस्वामी का सही नाम | प्रस्तावित व्यक्ति के विभिन्न नाम | प्रस्तावित व्यक्ति का सही नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चउरा | 192/4<br>206/7<br>690/11<br>691/1<br>803/8<br>कुल-05 | रामचरन आ0 मोहरसाय पनिका | राम चरण आ0 मोहरसाय, रामचरण आ0 मोहरसाय, राम चरण आ0 मोहर साय | राम चरण आ0 मोहरसाय | नीलू आ0 राम चरण, नीलू मानिकपुरी आ0 रामचरण मानिकपुरी,नीलू मानिकपुरी आ0 राम चरण मानिकपुरी | नीलू आ0 राम चरण |
| जगन्नाथपुर | 1222/5<br>1222/6<br>कुल-02 | कृष्णा प्रसाद आ0 अवधेश साय गुप्ता सौडिक | कृष्णा प्रसाद आ0 अवधेया साय गुप्ता, कृष्णा प्रसाद आ0 अवधेश साय, कृष्णा प्रसाद आ0 अवधेश कृष्ण प्रसाद, कृष्ण प्रसाद गुप्ता | कृष्णा प्रसाद गुप्ता आ0 अवधेश साव | अंकित गुप्ता आ0 कृष्णा प्रसाद गुप्ता, अंकित गुप्ता आ0 कृष्णा गुप्ता, अंकित गुप्ता आ0 कृष्ण प्रसाद गुप्ता अंकित आ0 कृष्णा | अंकित गुप्ता आ0 कृष्णा प्रसाद गुप्ता |

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है, तो समाचार पत्र में प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्न पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें।

पता-कार्यालय-उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, कार्यालय-महाप्रबंधक, एसईसीएल भटगांव क्षेत्र/जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0।

**उपक्षेत्रीय प्रबंधक जगन्नाथपुर उपक्षेत्र**

जी नं0-33756/3



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0- /अ-20(3)/2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तजिन्दर सिंह बग्गा आ0 महेन्द्र सिंह बग्गा, उम्र-45 वर्ष निवासी-देवीगंज रोड, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि आवेदक/विक्रेता तजिन्दर सिंह बग्गा आ0 महेन्द्र सिंह बग्गा उम्र-45 वर्ष निवासी-देवीगंज रोड,अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-बाबूपारा, अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नं0 3467/4866/152 रकबा 40x80=3200 वर्गफीट भूमि स्थित है। उक्त आवेदित नजूल प्लॉट नं0 3467/4866/152 रकबा 40x80=3200 वर्गफीट भूमि को आवेदक/ विक्रेता तजिन्दर सिंह बग्गा आ0 महेन्द्र सिंह बग्गा उम्र-45 वर्ष निवासी-देवीगंज रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अनावेदक/क्रेता-अमित कुमार अग्रवाल आ0 घनश्याम दास अग्रवाल उम्र-52 वर्ष निवासी-सत्तीपारा,नगर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 को विक्रय किए जाने बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवेदन पत्र तथा आवेदन पत्र के समर्थन में उभय पक्ष का शपथ पत्र व मेन्टेनस की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।
उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21/09/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05/09/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0-/ब-121/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप गाईन आ0 स्व0 पुण्य चरण गाईन निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की पुर्नवास पट्टे की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नम्बर 266/1 में से रकबा 0.006हे0 भूमि को अनावेदक आरती श्रीवास्तव पति ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपए 3,60,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09.09.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
अम्बिकापुर (सरगुजा)
छ0ग0


CMYK



# अक्षर पटेल को प्लेइंग 11 में मिलेगा मौका!

## पंत-कार्तिक को लेकर फिर असमंजस में होंगे रोहित शर्मा

**नई दिल्ली,05 सितंबर 2022।** सुपर चार के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से हारने के बाद अब टीम इंडिया का सामना श्रीलंका से होगा। मंगलवार को यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दुबई में खेला जाएगा। फाइनल में प्रवेश करने के लिए भारत को श्रीलंका और अफगानिस्तान को हर हाल में हराना होगा। अगर भारत इनमें से एक भी मुकाबला हार जाता है तो उनका एशिया कप 2022 का सफर वहीं थम जाएगा। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ 6 सितंबर को होने वाले मैच में भारतीय टीम हर हाल में जीत दर्ज करना चाहेगी। टीम मैनेजमेंट इस मैच के लिए प्लेइंग 11 में कुछ बदलाव भी कर सकता है। जडेजा के बाहर होने के बाद टीम में आए अक्षर को प्लेइंग 11 में मौका मिल सकता है।

### टॉप ऑर्डर नहीं होगा बदलाव

भारतीय टॉप ऑर्डर में बदलाव की जरा भी गुंजाइश नजर नहीं आती है। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ रोहित शर्मा और केएल राहुल पारी की शुरुआत करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ इस सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दी थी, हालांकि भारत का मिडिल ऑर्डर इस मुकाबले में कुछ खास कमाल नहीं कर सका था। तीसरे नंबर पर विराट कोहली बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ कोहली ने 44 गेंदों पर 60 रन की शानदार पारी खेली थी। चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव बैटिंग करने आ सकते हैं। वहीं पांचवें नंबर पर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मैदान पर नजर आएंगे।

### पंत-कार्तिक में किसे मिलेगा मौका

दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत को लेकर भारतीय टीम मैनेजमेंट एक बार फिर असमंजस की स्थिति में होगा। पंत को पाकिस्तान के खिलाफ मौका मिला पर वह इसे भुना नहीं पाए। उन्होंने 12 गेंदों पर 14 रन की पारी खेली। वहीं दिनेश कार्तिक पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 1 रन बनाकर नाबाद रहे थे, दूसरी ओर हांगकांग के खिलाफ उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका ही नहीं मिला था। हालांकि आईपीएल के बाद से ही डीके शानदार फॉर्म में हैं। 7वें नंबर पर दीपक हुड्डा बल्लेबाजी करते नजर आ सकते हैं। हुड्डा पार्ट टाइम स्पिनर भी हैं, ऐसे में वह टीम को एक-दो ओवर गेंदबाजी भी करके दे सकते हैं। रवींद्र जडेजा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में उनकी जगह अक्षर पटेल को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें अक्षर को प्लेइंग 11 में मौका नहीं मिला था। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि श्रीलंका के खिलाफ पटेल प्लेइंग 11 में नजर आएंगे। 8वें नंबर पर अक्षर गेंदबाजी के साथ ही भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मजबूती प्रदान करेंगे। इसके बाद तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी पांड्या, भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के कंधों पर होगी। वहीं स्पिन डिपार्टमेंट अक्षर के अलावा युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई में से कोई एक संभाल सकता है।

दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, रवि बिश्नोई / युजवेंद्र चहल। श्रीलंका- पथुम निसानका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, दनुष्का गुणथिलका, दासुन शनाका (कप्तान), भानुका राजपक्षे, वनिन्दु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, महेश तीक्षाना, असिथा फर्नांडो, दिलशान मधुशंका।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल , रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान।

**श्रीलंकाः** दसुन शनाका (कप्तान), दनुष्का गुणथिलका, पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, आशेन बंडारा, धनंजया डी सिल्वा, वनिन्दु हसरंगा, महेश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, चमिका करुणारत्ने, मथी पटुस फर्नांडो, नुवान तुषारा, दिनेश चांदीमल।

# नडाल अमेरिकी ओपन के अगले दौर में

**न्यूयॉर्क, 05 सितंबर 2022।** रफेल नडाल ने एकतरफा मुकाबले में फ्रांस के रिचर्ड गास्केत को 6 . 0, 6 . 1, 7 . 5 से हराकर अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नडाल को दूसरे दौर में मिली जीत के दौरान उनका ही रैकेट नाक पर लग जाने से चोट आई थी। चार बार के चैम्पियन और 22 ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल ने कहा कि अब उनकी चोट ठीक है।अब उनका सामना अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो से होगा।

वहीं आंद्रेइ रूबलेव ने चार घंटे से अधिक चले मैच में दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव को 6 . 4, 2 . 6, 7 . 6, 6 . 4, 7 . से हराया। अब उनका सामना सातवीं रैंकिंग वाले कैमरन नॉरी से होगा। कार्लोस अलकारेज लगातार दूसरे अमेरिकी ओपन में चौथे दौर में पहुंचने वाले पीट सम्प्रास के बाद सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। सम्प्रास ने 1989 और 1990 में यह कमाल किया था। उन्नीस वर्ष



के अलकारेज ने जेंसन ब्रूक्सबी को 6 . 3, 6 . 3, 6 . 3 से हराया।

अब उनका सामना मारिन सिलिच और डेनियल इवांस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने क्वालीफायर युआन यूइ को 6 . 2, 6 . 7, 6 . 0 से हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं पेत्रा क्विटोवा ने गारबाइन मुगुरूजा को 5 . 7, 6 . 3, 7 . 6 से हराया। रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज इगा स्विएटेक ने लॉरेन डेविस को 6 . 3, 6 . 4 से शिकस्त दी तो वहीं छठे स्थान की खिलाड़ी आर्यना सबलेंका ने क्लारा ब्यूरेल को 6 . 0, 6 . 2 से हराया।

शनिवार को अन्य मैचों में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने पेट्रा मार्टिक के खिलाफ 6 . 3, 6 . 0 से जीत दर्ज की। दो बार की ग्रैंडस्लैम उपविजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा ने तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिक को 5 . 7, 6 . 4, 6 . 3 से हराया। रैंकिंग में नौवें पायदान पर काबिज स्पेन की 19 साल की खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने गैर वरीयता प्राप्त जेंसन ब्रूक्सबी को 6 . 3, 6 . 3, 6 . 3 से हराया, सातवीं रैंकिंग के खिलाड़ी कैम नोरी ने होल्गर रूण को 7 . 5, 6 . 4, 6 . 1 से मात दी।

पुरुषों के ड्रा में नौवें स्थान पर काबिज एंड्री रुबलेव ने 19वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 6 . 4, 2 . 6, 7 . 6, 6 . 4, 7 . 6 से हराया। नंबर 11 यानिक सिनर ने ब्रैंडन नकाशिमा को 3 . 6, 6 . 4, 6 . 1, 6 . 1 से पराजित किया। 2014 अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच ने नंबर 20 डैन इवांस को 7 . 6 , 6 . 7, 6 . 2, 7 . 5 से हराकर अगले दौर का टिकट कटाया।

# आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए जेमिमा रोड्रिग्स नॉमिनेट,छह क्रिकेटर में हैं इकलौती भारतीय

**नई दिल्ली, 05 सितंबर 2022।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स सोमवार यानी कि आज 22 साल की हो गई है। वह आज सुबह से ही ट्विटर पर टॉप ट्रेंड में थीं। कई पूर्व क्रिकेटरों और कुछ आईपीएल फ्रेंचाइजी ने ट्विटर पर उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। आज ही के दिन अब उन्हें आईसीसी की तरफ से एक खास तोहफा दिया गया है।

### आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए हुईं शॉर्टलिस्ट

भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए शॉर्टलिस्ट हुई है। अगस्त महीने में उनकी परफॉर्मेंस को देखते हुए आईसीसी ने उन्हें इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया



है। हाल ही में बर्मिंघम के एजबेस्टन में कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के महिला टी20 इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने के लिए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार रहा था प्रदर्शन

जेमिमा का सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 44 रन का योगदान काफी अहम था। जेमिमा की पारी की बदौलत ही इंग्लैंड को हराकर भारतीय टीम फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। सेमीफाइनल के अलावा फाइनल में भी उन्होंने बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर 33 रन बनाए। हालांकि, भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतने में सफल नहीं हो सकी और टीम को हार का सामना करना पड़ा।

### जेमिमा ने मुंबई इंडियंस से की ये खास गुजारिश

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ताहलिया मैकग्राथ और बल्लेबाज बेथ मूनी का नाम भी आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए शॉर्टलिस्ट के लिए किया गया है। जेमिमा इकलौती भारतीय खिलाड़ी हैं जिनका नाम इस अवॉर्ड के लिए चयन किया गया है। जेमिमा ने बर्थडे विश करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम से महिला आईपीएल के लिए अपनी टीम में चुनने का आग्रह किया, जिसे बीसीसीआई अगले साल से शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि आप लोग मुझे महिला आईपीएल के लिए बेहतर तरीके से चुनें।

# भारतीय फुटबॉल को 'समय-आधारित रोडमैप' की आवश्यकता

**मुंबई, 05 सितंबर 2022।** । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल के लिए समय-आधारित रोडमैप तैयार करने और लागू करने के लिए संवाद में शामिल होने और समाधान खोजने के महत्व पर जोर दिया।

चौबे ने यहां आयोजित तीन-दिवसीय वैश्विक फुटबॉल सम्मेलन में कहा, भारत एक विविध देश है और इसलिए, फुटबॉल की बेहतरी के लिए समाधान हमारी आवश्यकता के अनुसार विशिष्ट होना चाहिए। उसके लिए हम किसी समाधान की नकल नहीं कर सकते। इसलिए, सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हमारी अपनी फुटबॉल केंद्रित चुनौतियों के लिए उपयोगी समाधानों की पहचान करने के लिए समावेशी संवादों में शामिल होना है।

चौबे ने कहा, एआईएफएफ प्रक्रिया को सुगम बनाएगा और अंततः हर राज्य में फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र के सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए एक समय-आधारित रोडमैप तैयार करेगा। युवा विकास, गुणवत्ता मानव संसाधन, और सबसे बढ़कर जवाबदेही अंततः पिच के अंदर और साथ ही बाहर भी विजयी प्रदर्शन ला सकती है।

एआईएफएफ अध्यक्ष ने कहा कि चुनौतियां कठिन हो सकती हैं, लेकिन नवनिर्वाचित समिति के पास चुनौतियों का सामना करने और गंतव्य तक पहुंचने का आवश्यक अनुभव है।

# साजिद खान की 100 प्रतिशत में दिखेंगे जॉन अब्राहम,रितेश देशमुख,नोरा फतेही और शहनाज गिल

साजिद खान बॉलीवुड के लोकप्रिय फिल्ममेकर हैं। अब उनकी एक नई फिल्म का ऐलान हो गया है। उनके निर्देशन की इस फिल्म का शीर्षक 100 प्रतिशत रखा गया है। खास बात यह है कि इसमें इंडस्ट्री के कई बड़े कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जॉन अब्राहम, रितेश देशमुख, नोरा फतेही और शहनाज गिल जैसे सितारे नजर आएंगे। उम्मीद है कि यह मल्टी स्टारर फिल्म लोगों को पसंद आएगी।



जाने-माने प्रोड्यूसर भूषण कुमार की प्रोडक्शन कंपनी टी-सीरीज के बैनर तले फिल्म 100 प्रतिशत का निर्माण किया जाएगा। कृष्ण कुमार और अमर बुटाला भी इस फिल्म के निर्माण में सहयोग करेंगे। टी-सीरीज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की घोषणा की है। टी-सीरीज ने अपने पोस्ट में लिखा, 70 प्रतिशत नहीं, 80 प्रतिशत नहीं, 90 प्रतिशत भी नहीं!! हम आपको कॉमेडी, एक्शन, संगीत और जासूसी से भरपूर 100 प्रतिशत मनोरंजन की गारंटी देते हैं!

साथ ही मेकर्स ने एक अनाउंसमेंट वीडियो भी शेयर किया है। मेकर्स द्वारा शेयर किए गए वीडियो में बताया गया है कि इसमें 20 प्रतिशत कॉमेडी, 20 प्रतिशत रोमांस, 20 प्रतिशत म्यूजिक, 20 प्रतिशत कंफ्यूजन और 20 प्रतिशत एक्शन शामिल होगा। इसे एक फैमिली एंटरटेनर फिल्म बताया जा रहा है। अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने की संभावना है। फिल्म अगले साल दिवाली के मौके पर दर्शकों के बीच आएगी।

यह फिल्म एक बड़ी भारतीय शादी और जासूसी की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें मस्ती का तड़का शामिल होगा। उम्मीद है कि साजिद की बाकी कॉमेडी फिल्मों की तरह इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलेगी।

साजिद 100 प्रतिशत के जरिए सात साल बाद निर्देशन की दुनिया में अपनी वापसी कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने हमशकल्स का निर्देशन किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म थी, जो 2014 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सैफ अली खान, रितेश देशमुख, बिपाशा बसु और ईशा गुप्ता अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म में राम कपूर और तमन्ना भाटिया भी नजर आई थीं। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्ममेकर साजिद ने अपने निर्देशन की पारी फिल्म डरना जरूरी है से शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने हे बेबी, हाउसफुल, हाउसफुल 2 और हिम्मतवाला जैसी फिल्में बनाई हैं। वह हाल में आवारा पागल दीवाना के सीक्वल को लेकर चर्चा में थे। ऑरिजनल फिल्म के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने बताया था कि इस फिल्म का सीक्वल साजिद निर्देशित कर सकते हैं। आवारा पागल दीवाना का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था।

# समाज की आंखें खोलेगी अभिनेत्री रीना जाधव की फिल्म मेरिट एनिमल हंगामा

कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में दर्शकों को पसंद आने वाली अवॉर्ड विनिंग हिंदी फ़िल्म मेरिट ऐनिमल अब हंगामा ओटीटी पर रिलीज़ के लिए तैयार है। अभिनेत्री और निर्मात्री रीना जाधव की फ़िल्म एक बहुत ही महत्वपूर्ण सामाजिक समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करती है कि आजकल माता पिता अपने बच्चों से फर्स्ट लाने का दबाव बनाते हैं।




मेरिट एनिमल वरुण नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है, वरुण के माता-पिता चाहते हैं कि वह सभी क्षेत्रों में सर्वोच्च स्कोर करे। शहर के बाहरी इलाके में एक पहाड़ी पर साइकिल रेसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जैसे ही दौड़ शुरू होने वाली होती है, वरुण गायब हो जाता है। फिल्म की कहानी समाज की गंभीर समस्या पर केंद्रित है।

अपने स्वयं के सपनों को पूरा करने के लिए हम अपने बच्चों पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने का बोझ डालते हैं जो वास्तव में उनके लिए एक दबाव है। इस दौड़ में हर कोई अव्वल रहना चाहता है, लेकिन इस बीच वह अपने मासूम बचपन को नजरअंदाज कर देता है। राजराजेश्वर फ़िल्मस और महालक्ष्मी सिनेविजन के बैनर तले फ़िल्म मेरिट एनिमल के निर्माता प्रदीप देशमुख और रीना जाधव हैं।

फ़िल्म का निर्देशन जुनैद इमाम ने किया हैं । फ़िल्म का संगीत रोहित नागभिडे द्वारा तैयार किया गया हैं और गीत वैभव देशमुख ने लिखे हैं फ़िल्म के सिनेमेटोग्राफर गिरीश जे जंभालिकर और कुणाल श्रीगोंदेकर हैं । फ़िल्म में रीना जाधव, मंगेश नाइक, आदित्य सिंघल, महेश चाग़, बहार उल इस्लाम और भाग्यरती बाई कदम विभिन्न भूमिकाओं में हैं। फ़िल्म प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म हंगामा पर भी सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में प्रदर्शित होगी।

फ़िल्म को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में दर्शकों के साथ ज्यूरी का दिल भी जीता हैं । फ़िल्म को इंस्तांबुल फ़िल्म अवार्ड, बेस्ट डायरेक्टर (डेब्यू ) -यूरोप फ़िल्म फेस्टिवल, बेस्ट इंस्पायरिंग फ़िल्म - टोकियो फ़िल्म अवार्ड, बेस्ट एजुकेशनल फ़िल्म - वर्जन स्प्रिंग सिनेफ़ेस्ट, इंडो फ्रेंच इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में अवार्ड मिला हैं फ़िल्म को अहमदाबाद चिल्ड्रन फ़िल्म फेस्टिवल, दरभंगा इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल, सहरसा इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल, म्यूज़ियम टॉकीज़ फ़िल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल सेलेक्शन भी हुआ हैं

# बीस्ट और वलिमै पर भारी पड़ी सीता रामम




साउथ सिनेमाई दुनिया में तहलका मचाने के बाद मलयालम सुपरस्टार दलक्वीर सलमान और अदाकारा मृणाल ठाकुर की हालिया रिलीज तेलुगु फिल्म सीता रामम को हिंदी बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा रिस्पॉन्स मिलता दिख रहा है। इस फिल्म को हिंदी भाषा में बिना किसी प्रमोशन के रिलीज किया गया था। ये फिल्म साउथ बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के करीब 1 महीने बाद हिंदी में रिलीज की गई। हिंदी में 2 सितंबर को रिलीज हुई दलक्वीर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये फिल्म अब हिंदी दर्शकों को भी इंप्रेस करती दिख रही है। जिसके बाद ये फिल्म हिंदी बॉक्स ऑफिस पर थलापति विजय और अजित कुमार जैसे बड़े साउथ सितारों को भी बॉक्स ऑफिस पर पछाड़ने के लिए तैयार खड़ी है।

जी हां, फिल्म सीता रामम ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन जहां कुल 70 लाख रुपये की कमाई की थी। तो वहीं, दूसरे दिन इस फिल्म की कमाई करीब 85 लाख दर्ज की गई है। हालांकि ये अभी ऑफिशियल फिगर नहीं है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस से कुल दो दिन में ही 1.55 करोड़ रुपये की रकम हासिल कर ली है। माना जा रहा है कि फिल्म तीसरे दिन रविवार को भी शानदार कमाई के आंकड़े पेश करने वाले हैं। जिसके बाद उम्मीद है कि फिल्म आराम से 2.50 करोड़ रुपये की कमाई हिंदी बॉक्स ऑफिस से वसूल कर लेगी।

अगर, ऐसा हुआ तो ये फिल्म तीसरे दिन ही थलापति विजय की फिल्म बीस्ट और अजिक कुमार की वलिमै को हिंदी बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पटखनी देने वाली है। तीसरे दिन ही ये फिल्म इन दोनों फिल्मों के हिंदी बॉक्स ऑफिस से हासिल हुए लाइफ टाइम कलेक्शन को भी पार कर लेगी। थलापति विजय की बीस्ट ने जहां हिंदी थियेटर्स से कुल 2.30 करोड़ रुपये की कमाई की थी। तो वहीं, अजित कुमार की फिल्म वलिमै सिर्फ 2.10 करोड़ रुपये ही हिंदी सिनेमाघरों से वसूल कर पाई थी। ऐसे में सीता रामम इन दोनों फिल्मों से आगे चल रही है।













# अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने अपने नए शो दहन को लेकर अनुभव साझा किया

अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा, जो अपनी आगामी थ्रिलर श्रृंखला दहन-राकन का रहस्य में एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, ने शो को लेकर अपने अनुभव साझा किया है। शो की शुरुआत करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मुझे दहन-राकन का रहस्य के बारे में जो सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि यह कैसे कच्चे डर को पकड़ लेता है, क्योंकि प्रत्येक चरित्र अपने स्वयं के राक्षसों का सामना करता है। अवनि राउत, मेरा चरित्र, व्यक्तिगत और पेशेवर लड़ाई लड़ती है, जब वह अंधविश्वास और अलौकिक और राल और व्यावहारिकता के क्रॉसफायर में फंस गया है।



शो की शुरुआत तब होती है, जब एक खनन अभियान से गांव को खतरा होता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि मंदिर को नुकसान पहुंचने पर यह एक घातक अभिशाप को जन्म दे सकता है। लेकिन आईएएस अधिकारी का टिस्का का चरित्र सदियों पुराने अंधविश्वासों से लड़ने के लिए एक मिशन पर निकलता है।

टिस्का ने आगे कहा, शो में अवनि राउत के चरित्र को उसके बाहरी और आंतरिक भय के बीच समानताएं चित्रित करके एक खोज पर रखा गया है, जिसका हम सभी सामना करते हैं। दर्शकों के लिए दहन और अवनि को लाना बहुत खुशी की बात है। राजस्थान के बीहड़ इलाकों में फिल्माए गए इस शो में राजेश तैलंग, मुकेश तिवारी, सौरभ शुक्ला, अंकुर नैयर, रोहन जोशी और लहर खान भी हैं।

# शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छात्रहित में लिए तीन बड़े फैसले



**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस पर छत्तीसगढ़ के छात्र छात्राओं के हित में बड़े फैसले लिए हैं। राज्य में छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने के लिए सभी स्कूलों में अब सप्ताह में एक दिन छत्तीसगढ़ी और आदिवासी बोली की शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक सामग्री भी तैयार की जा रही है। बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्रों में वहां की स्थानीय आदिवासी बोलियों के अनुसार एवं शेष क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी भाषा में पाठ्य सामग्री तैयार की जा रही है। सप्ताह में एक दिन छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई से स्थानीय भाषा को बढ़ावा मिलेगा और छात्रों में पढ़ाई के प्रति लगाव उत्पन्न होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि भारत की संस्कृति एवं परंपरा को बढ़ावा देने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में संस्कृत विषय की भी पढ़ाई होगी।

इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा को भी मुख्यमंत्री ने अनिवार्य करने की बात कही है। मुख्यमंत्री बघेल ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो बालक का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास करे और इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नवाचार को अपना रही है।





## राजधानी में दिनदहाड़े मर्डर,कत्ल से भड़का स्थानीयों का गुस्सा,राष्ट्रीय मार्ग में चक्काजाम

**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** राजधानी माना बस्ती में इलाके से बड़ी खबर सामने आई है. एक शख्स को कुछ असमाजिक तत्वों ने मौत के घाट उतार दिया, जिससे इलाके में आक्रोश का माहौल है. पुलिस लोगों को शांत कराने में जुटी हुई है. मृतक का नाम विजेंद्र मार्कंडेय है.

दरअसल, ये वारदात आज सुबह की है. जहां एक दो लोगों ने मिलकर एक युवक को मार डाला. इस वारदात में एक नाबालिग आरोपी भी शामिल है. नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में लिया है.

वहीं दिनदहाड़े हत्या से लोगों में आक्रोश का माहौल है. हत्या के बाद बस्तीवासियों में गुस्सा है. राष्ट्रीय मार्ग में चक्काजाम कर दिया है. बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ व्यापारी भी प्रदर्शन में शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने किया बालवाड़ी योजना का शुभारंभ



**रायपुर, 05 सितंबर 2022।** नई शिक्षा नीति के अनुरूप 05 से 06 वर्ष आयु के बच्चों के लिए शुरू की गई हैं बालवाडियां स्कूल के माहौल के लिए किया जा सकेगा बच्चों को तैयार इस वर्ष 5173 बालवाडियां की गई हैं प्रारभ नई शिक्षा नीति के अनुरूप 05 से 06 वर्ष आयु के बच्चों के लिए शुरू की गई हैं बालवाडियां बालवाड़ी के माध्यम से सीखने के लिए प्रोत्साहित होंगे बच्चे स्कूल के माहौल के लिए किया जा सकेगा बच्चों को तैयार हर बालवाड़ी में आंगनबाड़ी सहायिका के अतिरिक्त संबद्ध प्राथमिक शाला के एक सहायक शिक्षक की भी होगी तैनाती सहायक शिक्षक को हर माह मिलेगा 500 रुपए का मानदेय बालवाड़ी में खेल-खेल में एवं रोचक तरीके से अध्यापन के लिए आंगनबाड़ी सहायिका एवं शिक्षकों को दिया गया है विशेष प्रशिक्षण प्रत्येक बालवाड़ी के लिए बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, बच्चों के अनुकूल खेल सामग्री एवं प्रिंटरीच रंग-रोगन के लिए 01 लाख रुपए की है स्वीकृति इस वर्ष 5173 बालवाडियां की गई हैं प्रारभ,आने वाले वर्षों में राज्य के सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से खोली जाएंगी बालवाडियां ।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ी घोषणा,छत्तीसगढ़ बोली और संस्कृत भाषा में होगी स्कूलों में एक दिन की पढ़ाई




**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर बड़ी घोषणा की है. सप्ताह का एक दिन सभी स्कूलों में छत्तीसगढ़ बोली को समर्पित रहेगा. आदिवासी बोली और छत्तीसगढ़ी भाषा को समर्पित दिन रहेगा. भारतीय परंपरा एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में संस्कृत में भी पढ़ाई होगी.

राज्य में छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने के लिए सभी स्कूलों में अब सप्ताह में एक दिन छत्तीसगढ़ी और आदिवासी बोली की शिक्षा दी जाएगी. इसके लिए शैक्षणिक सामग्री भी तैयार की जा रही है. बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्रों में वहां की स्थानीय आदिवासी बोलियों के अनुसार और शेष क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी भाषा में पाठ्य सामग्री तैयार की जा रही है. सप्ताह में एक दिन छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई से जहां स्थानीय भाषा को बढ़ावा मिलेगा, वहीं छात्रों में पढ़ाई के प्रति लगाव उत्पन्न होगा.

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसके अलावा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में संस्कृत विषय की भी पढ़ाई होगी. इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा को भी मुख्यमंत्री ने अनिवार्य करने की बात कही है. मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो बालक का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास करे और इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नवाचार को अपना रही है।



### सिलतरा में 80 हजार का गांजा जब्त, युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** गांजा तस्करी करते तस्कर महेश पाटले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दरअसल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी कड़ी में आज एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत सिलतरा स्थित इंडियन गैस प्लांट के सामने मोटर सायकल सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा चैकी सिलतरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये मोटर सायकल एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर घेराबंदी करते हुए पकड़ा गया।

## सदन में सोरेन सरकार का वर्चस्व कायम,विश्वासमत जीता

### बौखलाई बीजेपी का सदन से वॉकआउट सरकार के पक्ष में 48 मत, सोरेन बोले बीजेपी राज्यों में गृहयुद्ध के हालात बना रही



**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** पखवाड़े भर से झारखंड में सियासी संकट आज ख़त्म होता नज़र आया। बेजा लाभ के मामले में घिरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खासी मशक्कत और सियासी सूझबूझ का परिचय देते हुए बीजेपी की साडी कोशिशों को नेस्तनाबूद कर दिया। मुख्यमंत्री सोरेन ने आज सदन में विश्वासमत फिर हासिल कर लिया है। भरोसा जीतते ही बीजेपी ने सदन से वॉकआउट किया। जानकारी के मुताबिक सरकार के पक्ष में 48 वोट पड़े हैं। सरकार बचते देख बीजेपी ने हंगामा खड़ा कर वॉकआउट कियाकर दिया। इसके बाद अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इसके पहले सीएम हेमंत सोरेन विधानसभा में अपना विश्वास मत रखते हुए कहा कि विपक्ष इस प्रस्ताव को पूरा सुनें। मैदान छोड़कर बाहर न जाएं। हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं आंदोलनकारी का बेटा हूं। इनसे डरने वाला नहीं हूं। न डरा हूं और ना ही किसी को डराऊंगा। सोरेन बोले बीजेपी राज्यों में गृहयुद्ध के हालात बना रही है।

## महिला ने विक्षिप्त बच्ची को नहर में फेंका,मौके से हुई फरार



**लोरमी, 05 सितम्बर 2022।** मुंगेली जिले से मानवता को शर्मसार करने की घटना सामने आई है। एक अज्ञात महिला ने करीब 4 साल की मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्ची को नहर मे फेंक दिया। जिसे खेत में काम कर रहे तीन युवकों ने देख लिया, नाबालिग बच्ची की जान लेने की नीयत से एक अज्ञात महिला नहर में फेंक कर बोड़तरा की तरफ भाग गई। मामला लोरमी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, बच्ची को नगर से आनन-फानन में सकुशल बाहर निकाला गया। बच्ची को युवकों ने नहर से निकालने के बाद गोड़खाम्ही के उप सरपंच के घर के पास लाया। जहां घटना की जानकारी होने के बाद ग्रामीणों की मदद से बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए लोरमी के 50 बिस्तर समुदायिक अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। वहीं लोरमी पुलिस के ने उस अज्ञात महिला की पतासाजी की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शी सोहन साहू ने बताया कि, जब वह अपने खेत में काम कर रहा था उसी दौरान एक अज्ञात महिला बच्ची को नहर में फेंक कर भाग निकली। जिसे वो देख नही पाया, हालांकि तत्काल पीड़ित बच्ची को नहर से बाहर निकाला गया। बच्ची का उपचार कर रहे डॉक्टर प्रदीप जायसवाल ने कहना है कि, बच्ची को अभी ऑक्सीजन मे रखा गया है। बच्ची के मुह से झाग आ रहा था। अभी उसकी स्थिति सामान्य है, लेकिन ऐसा लगता है की बच्ची मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जिसका उपचार लोरमी के 50 बिस्तर अस्पताल में किया जा रहा है।

## रायपुर से होकर गुजरने वाली पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस होगी रद्द




**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के लखोली- रायपुर आरवी ब्लॉक हट रेल खंड के बीच दोहरीकरण का कार्य किया जाएगा ! इस कार्यों के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ! जिसकी जानकारी इस प्रकार है :-

रेल मंडल के लखोली- रायपुर आरवी ब्लॉक हट रेल खंड के बीच दोहरीकरण का कार्य सहित अनेक कार्यो, नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा इस कारण कई गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

**रद्द होने वाली गाड़ी :-**

1. दिनांक 06 सितम्बर, 2022 को पूरी से चलने वाली 12146 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दक्षिण पूर्व रेलवे से जानकारी के अनुसार रैक के अभाव के कारण दिनांक 06 सितम्बर, 2022 से टाटा से चलने वाली 18109 टाटा-इतवारी पैसेंजर रद्द रहेगी।

## अखिल भारतीय अंतर रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रायपुर रेलवे के कई खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**बिलासपुर, 05 सितम्बर 2022।** दिनांक 29 से 31 अगस्त 2022 तक अखिल भारतीय अंतर रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में (पुरुष और महिला) का आयोजित उत्तर प्रदेश के रायबरेली में संपन्न हुए । इस चैंपियनशिप का समापन दिनांक 31 अगस्त, 2022 को किया गया । चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 18 क्षेत्रीय रेलवे और 2 उत्पादन इकाइयों सहित कुल 20 टीमों ने भाग लिया गया।

इस अखिल अखिल भारतीय अंतर रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने अपने अपने परिक्षेत्र में शानदार प्रर्दशन किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की रवि ने हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल किया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दिनेश ने एथलेटिक चैंपियनशिप में दिनेश ने 10000 मीटर एवं 5000 मीटर दौड़ में दो रजत पदक हासिल किया। इसी प्रकार शॉटपुट में ऑल इंडिया रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभिलाष सक्सेना ने रजत पदक हासिल किया है । कु. पूजा ने 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। अखिल भारतीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कु. शिवानी ने डिस्कस थ्रो में चौथा स्थान, कु. मुन्नी देवी ने 5000 मीटर दौड़ में चौथा स्थान एवं अशोक पटेल ने 20 किलोमीटर पैदल चाल में पांचवा स्थान हासिल किया। महाप्रबन्धक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सभी खिलाड़ियों के शानदार प्रर्दशन पर बधाई दी।

## बांध में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** कवर्धा में बांध में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद शव निकाला गया। घटना कोतवाली थाने के पलानीपाट गांव की है। इधर राजधानी रायपुर में भी शिक्षक दिवस के दिन बड़ा हादसा हो गया। खबरों के अनुसार टीचर और उसके परिवार के दो लोग डूब गए। पुलिस तीनों की तलाश कर रही है। खबरों के अनुसार तीनों एनीकट पार कर रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से तीनों एनीकट में डूब गए है।

बताया जा रहा है कि गंगरेल डैम से पानी छोड़ा गया था जिसकी वजह से तेज बहाव था और शिक्षक एनीकट क्रॉस कर रहा था इस वजह से बह गए। धरसींवा थाना प्रभारी शिवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि तीन लोगों की बहने की खबर आई है। जिसके बाद से रेस्क्यू अभियान जारी है। तेज बहाव के चलते तीन लोग बह गए हैं।



### एसपी ने यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने निकला पैदल मार्च

**बिलासपुर, 05 सितम्बर 2022।** एसएसपी बिलासपुर पारुल माथुर के निर्देश पर सुगम व सुरक्षित यातायात बनाए रखने के अनुक्रम में आज यातायात एडीएसपी रोहित बघेल, डीएसपी संजय साहू व स्टाफ तथा थाना तोरवा की संयुक्त टीम द्वारा गुरुनानक चौक, बुध वारी बाजार क्षेत्र में कार्यवाही किया गया।

## नवजात शिशु की जान बचाने वाले आरक्षक को एसएसपी ने किया सम्मानित



**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** सुबह थाना उरला में खबर आई कि झोले के अंदर नवजात शिशु को डाल कर अछोली ग्राम के तालाब के नीचे वाले नाली में किसी ने फेक दिया है तत्काल डायल 112 में कार्यरत थाना उरला के जवान ताराचंद गेंदले को मौके पर भेजा गया..देखा गया कि झोले के अंदर एक नवजात बच्ची निस्तेद अवस्था में कीचड़ में सनी पड़ी हुई है...आर ने लोगो की मदद से उसे बाहर निकाल कर साफ सुथरा किया सीपीआर दिया तो बच्ची होश में आ गई..बच्ची को अंबेडकर अस्पताल पंहुचा कर उसका ईलाज कराया गया..अभी बच्ची अस्पताल में स्वस्थ और सुरछित..बाद में उसे मातृ छाया भेजा जाएगा ...उल्लेखनीय बात यह है की उस नवजात बच्ची को गोद लेने के लिए पुलिस से कई लोगो ने संपर्क किया है।

## भारत जोड़ो यात्रा:पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार पर साधा निशाना, बताई यात्रा से जुड़ी हर जानकारी




**रायपुर, 05 सितम्बर 2022।** देशभर में 7 सितंबर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता एक-एक घरों में जाकर बढ़ती महंगाई और केंद्र सरकार की नाकामियों को बताएंगे। इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की रणनीति के बारे में विस्तार से बताया और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना भी साधा।

कुमारी शैलजा ने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार की कारगुजारी चल रही है, मोदी सरकार के नीचे जन विरोधी कार्य हो रहे है, उससे महंगाई-बेरोजगारी बढ़ती चली जा रही है. सार्वजनिक संपत्तियों को निजी क्षेत्र में बेचा जा रहा है.संस्थानों को खत्म करने का काम किया जा रहा है.

उन्होंने आगे कहा कि देश में सामाजिक ताने-बाने में सांप्रदायिक जहर घोला जा रहा है. भारत जोड़ो यात्रा के जरिये कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश को फिर से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है.भारत जोड़ों यात्रा राहुल गाँधी के नेतृत्व में होगा।

7 सितंबर को कन्याकुमारी से यात्रा की शुरुआत की जाएगी। यह यात्रा 12 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। देशभर में 3500 किलोमीटर की यात्रा होगी, जो कि दो चरणों में होगी। पहला चरण सुबह 7.30 बजे और दूसरा चरण दोपहर 3.30 बजे से प्रारम्भ होगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)